


जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

# नकारात्मकता को जनता ने नकारा : पीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत में ही विपक्ष ने हंगामा कर दिया, जिसके चलते लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होते ही बीजेपी सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में लोकसभा में तीसरी बार मोदी सरकार और बार-बार मोदी सरकार के नारे लगाए।

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया। इस सत्र में शिरकत करने पहुंचे पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, राजनैतिक सरगर्मी बड़ी तेजी से बढ़ रही है। कल चार राज्यों के चुनाव के नतीजे आए। नतीजे बहुत उत्साहजनक हैं- उन लोगों के लिए उत्साहजनक हैं जो आम लोगों के कल्याण के लिए, देश के लिए और देश के उज्जवल भविष्य के लिए कमिटेट हैं। पीएम ने कहा कि कल के नतीजों ने साबित क दिया है कि जनता नकारात्मकता की राजनीति नहीं करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## हार के बाद कांग्रेस में भूचाल

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार के बाद भूचाल आ गया है। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी के एक विस्फोटक बयान ने भी कांग्रेस की भीतरी रार सामने लाकर रख दी है। गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने अपने बयान में कहा कि मुझे कांग्रेस की हर में के बारे में पहले से पता था चार-पांच महीने पहले ही मुख्यमंत्री गहलोत को उन्होंने इसके बारे में बता दिया था। ओएसडी ने कहा कि गहलोत की हठ धर्मिता के चलते टिकट बांटे गए और चापलूसों की वजह से मजबूत नेता किनारे किए गए। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस के भीतर हलचल तेज है हार की समीक्षा करने के लिए कल भोपाल में मध्य प्रदेश में चुनाव लड़े सभी 230 विधायकों को बुलाया गया है। कमलनाथ व सूरजेवाला नेताओं के साथ हार की समीक्षा करेंगे।

## चार राज्यों के नतीजे

| | |
|---|---|
| **मध्य प्रदेश- 230 सीटें** | |
| भाजपा | 163 |
| कांग्रेस | 66 |
| **राजस्थान- 199 सीटें** | |
| भाजपा | 115 |
| कांग्रेस | 69 |
| अन्य | 15 |
| **छत्तीसगढ़- 90 सीटें** | |
| भाजपा | 54 |
| कांग्रेस | 35 |
| **तेलंगाना- 119 सीटें** | |
| कांग्रेस | 66 |
| भाजपा | 8 |
| बीआरएस | 39 |

## जनता का धन्यवाद : नड्डा



*बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा ने कहा,...मैं छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मध्य प्रदेश के लोगों को धन्यवाद देता हूं...*

## बिधूड़ी पर हो एक्शन: दानिश




संसद सत्र की शुरुआत में ही बसपा सदस्य दानिश अली ने हंगामा कर दिया। दानिश ने रमेश बिधूड़ी की 'अपमानजनक' टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध किया।

## संसद में हार की गुस्सा न निकाले : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र का ये मंदिर जन आकांक्षाओं के लिए, विकसित भारत की नींव को अधिक मजबूत बनाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण मंच है। मेरा सभी सांसदों से आग्रह है कि वो ज्यादा से ज्यादा तैयारी कर के आएं और सदन में जो भी बिल रखे जाएं उन पर गहन चर्चा हो।

विपक्ष को नसीहत देते हुए पीएम मोदी ने कहा, अगर मैं वर्तमान चुनाव नतीजों के आधार पर कहूं, तो ये विपक्ष में बैठे हुए साथियों के लिए Golden Opportunity है। इस सत्र में पराजय का गुस्सा निकालने की योजना बनाने के बजाय, इस पराजय से सीखकर, पिछले 9 साल में चलाई गई नकारात्मकता की प्रवृत्ति को छोड़कर इस सत्र में अगर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे तो देश उनकी तरफ देखने का दृष्टिकोण बदलेगा। देश ने नकारात्मकता को नकारा है। सत्र के प्रारंभ में विपक्ष के साथियों के साथ हमारा विचार विमर्श होता है, सबके सहयोग के लिए हम हमेशा आग्रह करते हैं। इस बार भी ये सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

## राजस्थान को लेकर भाजपा की बैठक

राजस्थान में जीत के बाद भाजपा के नेताओं कि आज दिल्ली में बैठक होगी जिसमें सांसद बाबा बालक नाथ दीपा कुमारी राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सीपी जोशी व अर्जुन मेघवाल मौजूद रहेंगे राजस्थान के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करने की संभावना भी है।

## ग्रीन बेल्ट में लटका मिला महिला का शव

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा थाना फेस 3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव के बाहर ग्रीन बेल्ट में आज सुबह एक महिला का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। पुलिस पारिवारिक विवाद के चलते महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जाता रही है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली की गढ़ी चौखंडी गांव के बाहर ग्रीन बेल्ट में एक महिला का शव पेड़ पर लटका हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतका की पहचान ममता पत्नी सुनील पाल निवासी तिलक खेड़ा हरदोई के रूप में हुई। ममता अपने पति सुनील के साथ हाल में घड़ी चौखंडी गांव में किराए पर रह रही थी। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतका के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच मनमुटाव की बात सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल कर रही है।

## सड़क पर लहूलुहान मिला युवक का शव, परिजनों ने बताया हुई हत्या

### हादसों में महिला सहित दो की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर क्षेत्र के चचुरा रोड पर सड़क किनारे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लहू लुहान पड़ा हुआ मिला। पुलिस युवक की सड़क हादसे में मौत होना बता रही है वहीं परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। इसके अलावा अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीआरवी को सूचना मिली कि चचुरा मार्ग पर एक ही युवक लहूलुहान अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ है। घायल युवक के पास ही उसकी क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी हुई थी। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी उक्त व्यक्ति को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त ग्राम अस्तौली निवासी 23 वर्षीय सोहित पुत्र महेश के रूप में हुई। सूचना मिलने पर महेश के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी हत्या किए जाने के आशंका जताई।परिजनों के मुताबिक सोहित बीती रात्रि अपने घर से कनारसी गांव जाने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। वहीं थाना दनकौर पुलिस सड़क हादसे में सोहित की मौत होने की आशंका जता रही है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नोएडा के सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्मार्ट व डिजिटल : पंकज सिंह



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सभी 120 सरकारी स्कूल अब स्मार्ट तथा डिजिटल हो जाएंगे आज नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने सेक्टर 6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में 'संपर्क स्मार्ट शाला अभियान' का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल तथा छात्रों को स्मार्ट क्लास के लिए मॉनिटर मॉडेम तथा डिजिटल गैजेट्स प्रदान किया।

इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने का तूफानी अभियान शुरू कर चुकी है। इसी के तहत स्कूलों में अत्याधुनिक भवन, फर्नीचर, टॉयलेट व अन्य सुविधा शुरू की जा रही हैं। तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए डिजिटल कक्षाएं भी शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में नोएडा के सभी ब्लॉक में स्थित 120 सरकारी स्कूलों में 'संपर्क स्मार्ट शाला अभियान' के तहत डिजिटल कक्षाएं शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना (शेष पृष्ठ-4 पर)

## दादरी में 35 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास कल: तेजपाल नागर

**दादरी (चेतना मंच)।** दादरी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास समारोह कल 5 दिसंबर को आनंदपुर स्थित जेएम पब्लिक स्कूल में प्रात: 10.00 बजे किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितेंद्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बतौर अति विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री तथा जिला प्रभारी कुंवर बृजेश सिंह, सांसद डॉक्टर महेश शर्मा तथा भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया की उपस्थिति रहेगी।



कार्यक्रम के आयोजक तथा दादरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक तेजपाल सिंह नागर ने चेतना मंच को बताया कि कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, विधान परिषद सदस्य श्री चंद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पाइप फैक्ट्री मालिक की प्रताडना ने ली व्यापारी की जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में पिछले दिनों कारोबारी द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में परिजनों ने एक पाइप फैक्ट्री मालिक के खिलाफ प्रताडित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों का आरोप है की फैक्ट्री मालिक की प्रताड़ना से कारोबारी मानसिक तनाव में चले गए और इसी कारण उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कारोबारी द्वारा मृत्यु से पूर्व बनाई गई एक वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराई है इस वीडियो में कारोबारी ने अपनी आत्महत्या के लिए फैक्ट्री मालिक को दोषी बताया है। सेक्टर गामा-1 ए ब्लॉक निवासी श्रीमती दर्शन राठी ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मायके की जमीन बेचने का बहु पर डाला दबाव, पीटकर घर से निकाला

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक में एक महिला ने अपने पति सहित साथ ससुराल वालों के खिलाफ दहेज के लिए उत्पत्ति करने जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने अपने ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

बुलंदशहर निवासी रंजना (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी शादी 25 मई 2022 को कुलेसरा निवासी अजीत गौतम के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके ससुर कुमार पाल, चाचा ससुर मुकेश, जेठ अनुज, रेखा रानी, जेठानी मोनिका आदि ने उसे पर मायके से दहेज लाने का दवाब बनाना शुरू कर दिया। ससुराल वाले उस पर अपने मायके की जमीन को बेचकर 15 लाख रुपए लाने का दबाव डाल रहे थे। उसके द्वारा मायके से पैसे लाने से इनकार करने पर आए दिन उसके साथ ससुराल वाले गाली गलौज तथा मारपीट करने लगे। रंजना का आरोप है कि बीते 17 जुलाई को वह घर में खाना बना रही थी। इस दौरान ससुर कुमार पाल ने उसे घर में अकेला देखकर गलत नीयत से पकड़ लिया। उसके शोर मचाने पर पड़ोसी आ गए इसके बाद कुंवर पाल घर से चला गया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नोएडा पंजाबी समिति की कार्यकारिणी भंग

### चेयरमैन तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**नोएडा (चेतना मंच)।**

अपरिहार्य कारणों से नोएडा पंजाबी एकता समिति की कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी गई है। समिति के चेयरमैन संजीव पुरी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष एसपी कालरा ने भी अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।

इस बात की जानकारी देते हुए चेयरमैन संजीव पुरी ने बताया कि शीघ्र ही नई कार्यकारणी गठित की जाएगी। अचानक कार्यकारणी भंग करने तथा इस्तीफा देने के सवाल पर श्री पुरी बचते नजर आये। उधर समिति के सूत्रों की माने तो क्लब की कुछ पदाधिकारी अनुशासन का लगातार उल्लंघन कर रहे थे। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी कुछ पदाधिकारियों ने समिति के मूल उद्देश्य को पलिता लगाते हुए समिति को एक क्लब कल्चर तक सीमित कर दिया था। आये दिन पार्टी तथा शराब का खुलेआम सेवन करने को भी तत्काल प्रभाव से समिति की कार्यकारणी भंग करने का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

## फर्जी मुआवजा वितरण की फाइलें खंगालने पहुंची एसआईटी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण में पिछले 15 वर्षों के दौरान मुआवजा वितरण घोटाले को लेकर गठित एसआईटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) आज से सभी मामलों की फाइलों को खंगालने नोएडा प्राधिकरण पहुंच गई है।

नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आज एसआईटी की टीम के नोएडा प्राधिकरण में पहुंचने की जानकारी मिली है। इस जांच को लेकर उन अधिकारियों में हड़कंप में मचा हुआ है जिनके कार्यालय में फर्जी मुआवजा वितरण का गोरखधंधा किया गया था। एसआईटी को अपनी जांच रिपोर्ट कर सप्ताह में अदालत में सौंपनी है। यह जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू की गई थी।

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

मालुम हो कि इस साल सितंबर में प्रदेश सरकार ने गेझा मुआवजा से संबंधित प्रकरण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी। इनमें बोर्ड ऑफ रेवन्यू के चेयरमैन हेमंत राव, एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल और मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे को जांच की जिम्मेदारी दी गई। एसआईटी ने चार दिन तक नोएडा प्राधिकरण में रहकर मामले की जांच की थी।

जांच संबंधित रिकार्ड और डेटा के लिए मेरठ मंडल की कमिश्नर के प्रतिनिधि के रूप में अपर आयुक्त बच्चू सिंह को नोएडा भेजा गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अपर आयुक्त की तरफ से मुआवजा प्रकरण से संबंधित ग्राम वार और वर्ष वार के हिसाब से जो फाइलें मांगी जा रही हैं, उनको मुहैया कराना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के बोर्ड रूम में अधिकारी ने जांच शुरू की है।

पूर्व के शासन के काल में अतिरिक्त मुआवजे का खेल किया गया। करीब 100 करोड़ अतिरिक्त मुआवजा प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों के साथ मिलकर बांटा और आर्थिक लाभ कमाया। ये मामला 2015 के आसपास का है। जांच का दायरा अब बड़ा होगा। बात करे 30 मार्च 2002 से लेकर अब तक एसआईटी को मुआवजा और जमीन अधिग्रहण से जुड़े करीब 12 हजार से ज्यादा फाइलों की जांच करनी होगी। फिलहाल अभी 2010 की फाइलों को मंगवाया गया है।

प्राधिकरण ने 30 मार्च 2002 से अब तक 32 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया। ये जमीन 10 हजार 73 किसानों की है। इसके एवज में प्राधिकरण ने किसानों को 11 अरब 78 करोड़ 63 लाख से ज्यादा का मुआवजा बांटा। इसी तरह प्राधिकरण ने समझौते के आधार पर करीब 39 गांवों के 2480 किसानों से 3 अरब 12 करोड़ 55 लाख से ज्यादा मुआवजा 64.7 की दर से वितरित किया। इन सभी किसानों की फाइलों की जांच की जाएगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कल से होगा राशन का वितरण: चमन शर्मा

### कोई समस्या हो तो टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

**नोएडा (चेतना मंच)।** कल से राशन दुकानों पर गेंहू, चावल आदि का वितरण शुरू होगा। यह वितरण 20 दिसंबर तक चलेगा। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रात: 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ एवं 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूं व 03 किग्रा0 चावल विक्रेता द्वारा नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।



उक्त अवधि में अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर 2023 के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से 54 में वितरण सुनिश्चित किया जाएगा तथा चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य (शेष-4 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

# शिक्षा की बुनियाद

स्कूली शिक्षा के चरम बिंदु पर कलस्टर के अधीन प्राथमिक स्कूलों को छांव मुहैया करवाई जा रही है, यानी कुछ ऐसी सीढ़ियां विकसित की जा रही हैं जो व्यवस्था को मुकम्मल करेंगी। राज्य के जमा दो, हाई व मिडल स्कूल अपने दायरे के आधा किलोमीटर तक आने वाले प्राइमरी स्कूलों के अभिभावक बन जाएंगे। इस तरह अब करीब पांच हजार संस्थानों के तहत शिक्षा की बुनियादी प्रश्न हल होंगे, हालांकि अतीत में भी एक ही स्कूल के तहत छात्र जीवन की सीढ़ियां मुकम्मल होती थीं। शिक्षा की मात्रात्मक वृद्धि ने अब फिर गुणात्मक अर्थ पुख्ता करने के लिए उन्हीं रास्तों को चुना है, जो पहले मंजिलों के वाहक रहे। जाहिर है कलस्टर पद्धति से शिक्षा का उच्चारण ही एक जैसा नहीं होगा, बल्कि प्रबंधन, अनुशासन व वित्तीय उपयोगिता भी बढ़ेगी। यानी बिखरे हुए स्कूलों के अंदाज में कुछ तो फर्क आएगा, फिर भी शिक्षा क्षेत्र में दायित्व की ओवरलैपिंग के कारण सारी वर्णमाला बदल गई है। मॉडल कंपोजिट एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन से कई संदेश निकलते हैं। पहला यही कि हिमाचल में अनावश्यक विस्तार ने अधोगति तक पहुंचा दिया। दूसरे यह कि वित्तीय व्यवस्था में अब ऐसे अर्थहीन व्यय नासूर बनने लगे। तीसरे यह कि शिक्षा की मांग व आपूर्ति में गुणवत्ता की अर्हताएं पूरी नहीं हुईं। चौथे शिक्षकों की जवाबदेही परीक्षा में तो देखी गई, लेकिन अध्यापन को किसी सांचे में नहीं ढाला गया। हर बार शिक्षा मुड़-मुड़ कर अपने ही खोए हुए अतीत से कुछ पाना चाहती है और इस बार भी यही सब हो रहा है। शिक्षा विभाग कालेज व विश्वविद्यालयों की तर्ज पर 'अतिथि शिक्षकों' की खेप उतारने की ओर अग्रसर हो रहा है। देखना यह होगा कि इस पहल से शिक्षा की मांग की आपूर्ति कैसे होती है। बेशक कुछ शिक्षक आज भी बच्चों के आदर्श बनकर प्रभावित करते हैं और अगर इनकी सेवाएं सेवानिवृत्ति के बाद भी यथावत रहती हैं, तो छात्रों का विश्वास पद्धति पर ही बढ़ेगा। यूं भी शिक्षा अपने सुधार के मजमून में हर बार नया श्रृंगार करती रही है, लेकिन कुछ सफे हमेशा काले निकल आते हैं। हिमाचल में शिक्षा को स्कूलों में स्तरोन्नत किया गया और इसी वजह से गांव तक पाठशाला की पहुंच व उसके स्तर में निखार आ गया, लेकिन अध्यापन के चरित्र में गिरावट आ गई। आज भी अगर नया संकल्प कलस्टर के जरिए गुणात्मक शिक्षा का शपथ पत्र लेकर खड़ा है, तो इस अकेले प्रयास से शायद ही भूमिका बदलेगी। शिक्षा के अपने इम्तिहान उसी इमारत में असफल इसलिए हो रहे हैं, क्योंकि ट्रांसफर और पदोन्नतियों में ही पूरा महकमा अतरंगी हो गया। व्यवस्था की नौटंकी में शिक्षक समाज अपनी प्राथमिकताओं को ऐसे स्थानांतरण से मजबूत कर रहा है, जो एक तरह का राजनीतिक गठबंधन है। हर राजनीतिक पार्टी और नेताओं के समूह इस तलाश में रहते हैं कि उनके अपने और चहेते शिक्षक ही नजदीकी स्कूलों में शिरकत करें। सुक्खू सरकार ने भी ट्रांसफर के दायरे बढ़ाते हुए कुछ किलोमीटर मापे, लेकिन करवटें बताती हैं कि व्यवस्था के भीतर अध्यापक चंद किलोमीटर की परिधि में घूमघूम कर चेहरे बदल रहे हैं। उनका अपना 'ट्रांसफर कलस्टर' है जो दिन रात मेहनत करके यह सुनिश्चित करता है कि किसी तरह स्कूल घर हो जाए या घर ही स्कूल के आसपास जुड़ जाए। बावजूद इसके स्कूलों के कलस्टर बना कर विभाग अपने मानव संसाधन का बेहतर इस्तेमाल करके वित्तीय संसाधनों की किफायत कर सकता है। स्कूलों में जिस तरह कलस्टर पद्धति सामने आ रही है, उसी तरह कालेज से विश्वविद्यालय तक भी कलस्टर पैदा होने चाहिएं। बेशक कभी कलस्टर विश्वविद्यालयों की खोज में मंडी व धर्मशाला के कालेजों के नाम सामने आए थे और मंडी में तो काम भी शुरू हो गया, लेकिन अब वहां एक नया विश्वविद्यालय शिक्षा की ईंटें खोज रहा है। करीब साढ़े तीन दर्जन स्नातकोत्तर महाविद्यालयों की सीढ़ियों से लुढ़क रही उच्च शिक्षा को बचाने-संवारने के लिए क्या किया जाएगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि लोग जहाँ-तहाँ श्री रघुनाथजी के गुण गाते हैं और बैठकर एक-दूसरे को यही सीख देते हैं कि शरणागत का पालन करने वाले श्री रामजी को भजो, शोभा, शील, रूप और गुणों के धाम श्री रघुनाथजी को भजो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जलज बिलोचन स्यामल गातहि। पलक नयन इव सेवक त्रातहि॥**
**धृत सर रुचिर चाप तूनीरहि। संत कंज बन रबि रनधीरहि॥**

कमलनयन और साँवले शरीर वाले को भजो। पलक जिस प्रकार नेत्रों की रक्षा करती हैं उसी प्रकार अपने सेवकों की रक्षा करने वाले को भजो। सुंदर बाण, धनुष और तरकस धारण करने वाले को भजो। संत रूपी कमलवन के (खिलाने के) सूर्य रूप रणधीर श्री रामजी को भजो॥

**काल कराल ब्याल खगराजहि। नमत राम अकाम ममता जहि॥**
**लोभ मोह मृगजूथ किरातहि। मनसिज करि हरि जन सुखदातहि॥**

कालरूपी भयानक सर्प के भक्षण करने वाले श्री राम रूप गरुड़जी को भजो। निष्कामभाव से प्रणाम करते ही ममता का नाश कर देने वाले श्री रामजी को भजो। लोभ-मोह रूपी हरिनों के समूह के नाश करने वाले श्री राम किरात को भजो। कामदेव रूपी हाथी के लिए सिंह रूप तथा सेवकों को सुख देने वाले श्री राम को भजो॥

**संसय सोक निबिड़ तम भानुहि। दनुज गहन घन दहन कृसानुहि॥**
**जनकसुता समेत रघुबीरहि। कस न भजहु भंजन भव भीरहि॥**

संशय और शोक रूपी घने अंधकार का नाश करने वाले श्री राम रूप सूर्य को भजो। राक्षस रूपी घने वन को जलाने वाले श्री राम रूप अग्नि को भजो। जन्म-मृत्यु के भय को नाश करने वाले श्री जानकी समेत श्री रघुवीर को क्यों नहीं भजते?॥

**बहु बासना मसक हिम रासिहि। सदा एकरस अज अबिनासिहि॥**
**मुनि रंजन भंजन महि भारहि। तुलसिदास के प्रभुहि उदारहि॥**

बहुत सी वासनाओं रूपी मच्छरों को नाश करने वाले श्री राम रूप हिमराशि (बर्फ के ढेर) को भजो। नित्य एकरस, अजन्मा और अविनाशी श्री रघुनाथजी को भजो। मुनियों को आनंद देने वाले, पृथ्वी का भार उतारने वाले और तुलसीदास के उदार (दयालु) स्वामी श्री रामजी को भजो॥

**दो0-एहि बिधि नगर नारि नर करहिं राम गुन गान।**
**सानुकूल सब पर रहहिं संतत कृपानिधान॥**

इस प्रकार नगर के स्त्री-पुरुष श्री रामजी का गुण-गान करते हैं और कृपानिधान श्री रामजी सदा सब पर अत्यंत प्रसन्न रहते हैं॥

(क्रमशः...)

# जलवायु नियंत्रित करने के लिये सब कमर कसें

धरती की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन-कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है।

वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पाएगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गए हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आए हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कॉप-28 में भाग लिया। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की थी ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह



**भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कॉप-28 में भाग लिया और शानदार संबोधन दिया। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की थी ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके।**

रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है।

भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है।

भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाए और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाए, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के एजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जाएगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे!

अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जलवायु संकट एवं बढ़ते तापमान के कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है।

जरूरत है कि कॉप-28 अमीर राष्ट्रों को संवेदनशील एवं उदार होने के साथ-साथ प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित करें, ताकि हम जलवायु महासंकट से मुक्ति पा जाये एवं 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव ही है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। इसकी वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। पर्यावरण के निरंतर बदलते स्वरूप ने निःसंदेह बढ़ते दुष्परिणामों पर सोचने पर मजबूर किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्ति सम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु संकट से निपट सकेंगे अन्यथा यह विश्व मानवता के प्रति बड़ा अपराध होगा।

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# लालफीते वालों की जय (व्यंग्य)

आपको बिलकुल याद नहीं होगा, किसी समय की बात है किन्हीं गलत लोगों ने मिलकर कड़ी मेहनत करनेवाली हमारी सफेदपोश नौकरशाही को सबसे निकृष्टतम के खिताब से नवाज़ा था। व्यवस्थाजी ने मुझे समझा रखा है कि देश की समस्याओं से परेशान मत हुआ करें, सर्वे तो आते रहते हैं और समझदार नौकरशाहों के लिए तो ऐसे सर्वे पुरस्कार होते हैं।

खुलेदिमाग लोग ऐसी बातों का बुरा नहीं मानते । उस वक़्त दिमाग़ के पिछड़े हुए हिस्से को यह सर्वे पढ़कर लगा था कि संभवत दो चार लोगों में कुछ तो बदलाव आएगा ही मगर यह सर्वे भी हज़ारों पूर्व सर्वेक्षणों की तरह सचमुच गर्क हो चुका है। वही सर्वे कल शाम याद आया जब पिछले दिनों बनी टूट चुकी सड़क के गड्ढों में से उछलते हुए, छब्बीस साल पुरानी कार में जा रहा था। कुछ दूर, सुहानी शाम में सड़क किनारे मित्र नौकरशाह सरकारी कार के पास खड़े थर्मस की चाय का आनंद ले रहे थे।

हमने उन्हें, उन्होंने हमें झट पहचान लिया। बोले जगह अच्छी लगी तो कुछ देर के लिए रुक गया। घर परिवार बच्चों का हालचाल लेनेदेने व यहांवहां की मारने के बाद हमने अपने स्कूलीयार से पूछा, तुम्हें बुरा नहीं लगता देश की नौकरशाही को ज। नौकरशाह ने बीच में ऑब्जेक्शन लगा दिया बोले पतलू, कौन परवाह मारता है। ज़माना एक दूसरे पर जो मिल जाए उछालने का है। इस बीच उसने मेरी कार पर एक नज़र डाली। पर्सनल अटैक हो तो सोचें। ये इल्ज़ाम वो इल्ज़ाम तो हमारे वर्किंग कल्चर ज़रूरी हिस्सा हैं। देश चलाने के साथसाथ मंत्रियों नेताओं को घुमाते, सहते हुए जागरूक भी रहना पड़ता है।



कितने गलत काम सही दिखाते हुए करवाने पड़ते हैं ताकि इनका वोटबैंक बना रहे। अपनी पोस्टिंग मैनेज करनी होती है। कानून बनाकर मजबूरन बिसराए रखना पड़ता है। दुविधाओं को सुविधाओं में बदलना पड़ता है। हर निज़ाम ऐसा रहता है, क्या करें।

हमारी ऐसी वैसी कैसी कैसी आदतें पक चुकी हैं यार। स्कूल में आदर्शों का पाठ पसंद करने वाले विद्यार्थियों को व्यवस्था कैसे बदल देती है यह मेरे मित्र के चेहरे पर पुता था। महंगी कोचिंग लेकर कड़ी मेहनत कर ऊंचे ओहदों पर यह दूसरों के लिए तो सजते नहीं। सबकी तरह यह भी अपने परिवार को ज्यादा समृद्ध बनाने के लिए, रोबदाब के साथ ज़िंदगी जीने के लिए मेहनत करते हैं। यह सब इन्हें वीआईपी बनने का मौका देता है। काम लालफीताशाही के सांचे में सोच समझ कर ही करने पड़ते हैं। काम जल्दी निबटा देंगे तो कौन पूछेगा। जनता को गलत आदतें पड़ जाएंगी। सुबह से शाम तक काम करते करते थककर परेशान हो जाएंगे। क्लब जाएंगे तो वहां भी आम आदमी दिमाग में फंसा रहेगा।

तुम नौकरशाह हो यानी पब्लिक सर्वेंट, हमने कहा। तुम दोस्त हो इसलिए सही अर्थ बता रहा हूं 'ऐसा नौकर जो शाह हो'। पब्लिक सर्वेंट का मतलब होता है 'पब्लिक जिसकी सर्वेंट हो'। हमारी पब्लिक तो मूढ़मति है जहां हांको चलती है। गाड़ी में बैठते हुए मेरी डैंटयुक्त गाड़ी की तरफ फिर देख बोले तुम भी इंडियन पब्लिक की तरह हो यार। गाड़ी नहीं बदली। हमने कहा तुम्हारी लालबत्ती। लालबत्ती तो दिमाग में होती है जनाब। मुझे सही जवाब पकड़ा दिया गया था। खैर आना कभी ज्और कोई सेवाज। लगा बहुत दिनों बाद किसी राजा से भेंट हुई जिसे, महाराज की बार बार जयहो सुनना ही अच्छा लगता है। राजा है भई।

**- संतोष उत्सुक**

# राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-सप्तमी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** खट्टा-मीठा बना रहेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम-संतान में थोड़ी दूरी बनी रहेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संतान के के साथ अच्छी स्थिति बने रहने के बावजूद भी दूरी बनी रहेगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी बनी रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ समय कहा जाएगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी लेकिन मन चिंतित रहेगा। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** यात्रा में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। कुछ नए साधन से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यापारिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** भाग्य बस कुछ काम बनेंगे, यात्रा में लाभ होगा, धार्मिक बने रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम संतान की स्थिति मध्यम रहेगी

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वाहन धीरे चलाएं। किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो इससे सावधानी बरतें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन स्वयं नतमस्तक हो जाएंगे। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** भावुक मन से कोई निर्णय न लें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। प्रेम संतान लगभग ठीक रहेगा। व्यापार भी ठीक है। लाल वस्तु पास रखें।

# भाजपाईयों ने मनाया जश्न



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा के ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की राजस्थान मध्यप्रदेश छत्तीसगढ में प्रचंड बहुमत मिलने पर जश्न मनाया।

भाजपा ज़िला कार्यालय पर आतिशबाज़ी ढोल नगाड़ों के साथ लड्डू भी बाटे गये। भाजपा ज़िला के अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि भाजपा को भारी जनादेश मिला लोगों के मन में पीएम है। ये जीत पीएम की गारंटी की सफलता है।

यह जीत भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। 2024 लोकसभा चुनाव में जनता का जनादेश मिलेगा और फिर तीसरी बार भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, सेवानन्द शर्मा, कर्मवीर आर्य, सत्यपाल शर्मा, रवि जिन्दल, सुनील भाटी, सतवीर भाटी, अजय निगम, करतार जाटव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## भाकियू ( अंबावत ) संगठन का हुआ विस्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जैतपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन का विस्तार किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजेंद्र नागर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की संचालन दादरी तहसील अध्यक्ष राजकुमार नेता रूपबास ने किया। जिसमें जिला अध्यक्ष अनिल, नागर,ने नियुक्ति पत्र देकर सदस्यता ग्रहण की जिसमें सनी को तहसील उपाध्यक्ष सदर जितेंद्र को तहसील अध्यक्ष सदर अजीमुद्दीन खा,को जिला सचिव कैलाश जिला से सचिव काफी लोगों ने सदस्य ग्रहण कर अपनी अपनी जिम्मेदारियां का लेने का संकल्प लिया राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता के आदेश अनुसार 21 लोगों की एक गठित कमेटी बनाई जिसमें आम लोगों की समस्याओं का समाधान कर सके।



इस मौके पर राजेंद्र नागर, अशोक भाटी, सुरेश प्रधान, तहसील संयोजक अमित पायला, अशोक भाटी, प्रदेश सचिव रोहित कसाना, प्रदीप नागर एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सभा अधिवक्ता अनिल, नेताजी युवराज , किसान नेता राजकुमार रूपबास, अजब सिंह अंबावता, जितेंद्र नागर, हरवीर, जिला सचिव अरुण भाटी, राहुल गौरव, रोहित विपिन, प्रवीण, नितिन, शेखर नागर आदि लोग मौजूद थे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से भाजपा को जनादेश प्राप्त होने पर ग्रेटर नोएडा स्थित अल्फा कार्यालय पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। इस दौरान भाजयुमो नेता अन्नू पंडित ने कहा कि यह जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व और भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जीत है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को प्रचंड बहुमत से वहा कांग्रेस के कुशासन का अंत हुआ है। उत्तर प्रदेश समेत भाजपा शासित समस्त प्रदेशों में शानदार कानून व्यवस्था लोगों की पहली पसंद बनी हुई है, आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करेगी भाजपा।

इस मौके पर मनोज गोयल, तुषार भाटी, संदीप गोयल, अनिकेश कठेरिया, एलपी गुप्ता, अभिषेक, दीपेंद्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** 1 से 2 दिसंबर तक इंदिरा गांधी स्टेडियम दिल्ली में आयोजित ओपन नेशनल रैंकिंग फेस्टिवल कुश्ती प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा के पहलवानों ने 12 स्वर्ण पदक दो रजत पदक और एक कांस्य पदक प्राप्त किया।

कुश्ती के कोच रवि गुर्जर ने बताया महिला सब जूनियर वर्ग में 49 किलो डोली ने प्रथम 53 किलो में आकांक्षा ने प्रथम 61 किलो प्राची नागर ने प्रथम 65 किलो में जानवी ने प्रथम जूनियर वर्ग में 50 किलो हिमानी भाटी ने प्रथम 53 किलो में अंजली यादव ने प्रथम 62 किलो खुशी नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया बालक वर्ग सब जूनियर में 51 किलो में देव नागर ने प्रथम 60 किलो में यश नागर ने प्रथम जूनियर वर्ग में 74 किलो भानु गुर्जर ने प्रथम, सीनियर वर्ग में 60 किलो में विपिन भाटी ने प्रथम स्थान 79 किलो में ऋतिक नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया तथा 57 किलो में पूजा ने द्वितीय 51 किलो हिमांशु चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया।

समाजसेवी रोहित मत्ते गुर्जर ने बताया सभी बच्चे नोएडा कॉलेज आफ फिजिकल एजुकेशन कुश्ती अकादमी धूम मानिकपुर दादरी मैं प्रैक्टिस करते हैं।

कॉलेज के अध्यक्ष डॉक्टर सुशील राजपूत, गौतम बुद्ध नगर कुश्ती संघ के सचिव चतर सिंह गुरुजी, अंतरराष्ट्रीय गुलाब पहलवान, रंजीत पहलवान सभी ने बच्चों को आशीर्वाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। पहलवानों के प्रदर्शन से सभी क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है।

# भाजपा की जीत पर गद-गद है पार्टी के नेता









**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान में भाजपा के शानदार प्रदर्शन से पार्टी कार्यकर्ता गदगद है। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री श्रीमती बेवन नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी विधानसभा चुनाव के बाद अब 2024 के लोकसभा चुनाव में भी होगी। उन्होंने तीनों राज्यों में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए मेहनत को लेकर बधाई दी है। वहीं भाजपा नेता डॉक्टर दीपक कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज की पार्टी है और आज ही कारण है कि राजस्थान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा के चुनाव में शानदार विजय हासिल किया है।

भारतीय जनता पार्टी के मंडल मंत्री नवीन भाटी ने कहा कि भाजपा विकास पर विश्वास करती है और आज की जनता को विकास चाहिए उन्होंने कहा कि धर्म एवं जातिवाद का नारा देकर सत्ता हासिल करने के प्रयास में लगी कांग्रेस पार्टी को करारा जवाब जनता ने विधानसभा के चुनाव में दिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय प्रधान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सब समाज को लेकर चलने में विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से राजस्थान छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में पार्टी की शानदार जीत हुई है उसके लिए वहां की जनता धन्यवाद की योग्य है। अजय प्रधान ने कहा कि भाजपा हमेशा सभी को साथ में लेकर चलती है और राष्ट्र के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निरंतर निभाती आ रही है।

# नवनियुक्त अध्यक्ष को दी बधाई

## नवनियुक्त अध्यक्ष को दी बधाई



**ज्ञानपुर ( चेतना मंच )।** भारतीय अधिवक्ता परिषद का अध्यक्ष नियुक्त होने पर कृष्ण कुमार (मालवीय) को आनंद कुमार शुक्ला जिला संयोजक विधि विभाग ने बधाई दी। इस मौके पर अशोक कुमार मिश्र, बृजेश कुमार पाण्डेय, गुलाब यादव और आदि अधिवक्ता बंधु उपस्थित रहें।

# ‘जनता के दिल में बसते हैं मोदी’



**भदोही( चेतना मंच )।** मध्य प्रदेश राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ता दुर्गागंज त्रिमुहानी ज्ञानपुर में पहुंच कर आतिशबाजी किया।

उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने हर्ष व्याप्त करते हुए कहा मोदी जनता के दिल में बसते हैं और उन्होंने कहा जनता अपना हित एव अनहीत जानती है। उन्होंने कहा कि जनता को मोदी पर पूरा विश्वास है जिला अध्यक्ष आगे भी कहा कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है।

जिस तरह से सपा बसपा धराशाई हो गई है। आने वाले समय में 2024 के चुनाव में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी जनता का विश्वास मोदी के ऊपर बन चुका है मोदी का एक ही लक्ष्य है जनता का विकास करना और जनता का विश्वास जीतकर भारतीय जनता पार्टी विश्व पटेल पर भारत के नाम को रोशन करेगी।

इसी क्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता नागेंद्र सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय प्रदेश कार्य समिति सदस्य हौसला प्रसाद पाठक पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी टंकी गुरु प्रहलाद दास गुप्ता रमेश पांडे नवीन मिश्रा अखिलंदर सिंह बघेल चिंटू युवा नेता मनीष पांडे गोवर्धन राय सपना दुबे सरिता गुप्ता सुषमा मालवी राजेंद्र पाल मनीष शिवम तिवारी मृत्युंजय शुक्ला आकाश त्रिपाठी राजेंद्र पाल रत्नेश्वर त्रिपाठी जानकी शुक्ला दीपक सिंह इत्यादि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोका-कोला कंपनी पर धरना प्रदर्शन कर की तालाबंदी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय किसान सभा की अगुवाई में कल कोका-कोला कंपनी डासना औद्योगिक क्षेत्र पर धरना प्रदर्शन तालाबंदी की गयी। किसान सभा हापुड गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में रोजगार की मांग को लेकर डासना औद्योगिक क्षेत्र में कोका-कोला कंपनी पर ताला जड़ दिया। गौरतलब है कि पिछले काफी दिनों से किसान सभा के नेतृत्व में अधिग्रहण से प्रभावित किसान रोजगार की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं इसके संबंध में 2 दिसंबर को प्रशासन की मध्यस्थता में कंपनी के साथ वार्ता विफल हो गई नतीजे में आज किसान सभा ने फैक्ट्री का ताला बंद कर दिया।



इस मौके पर निरंकार प्रधान, दुष्यंत सतीश, उपाध्याय मनवीर भाटी, संतराम भाटी, प्रशांत भाटी, मोहित भाटी, अजय पाल भाटी, इंद्रजीत भाटी, धीरज भाटी, राकेश ठेकेदार, सुरेश यादव, गौरव यादव, जोगेंद्री बबीता भाटी, वीरवती आशा यादव, रेखा चौहान, चंदा बेगम, सीटू के जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, रंगीलाल भाटी, शिशांत भाटी, मोनू मुखिया, नरेश नागर, करण सिंह नागर, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन तालाबंदी में शामिल रहे।

# भाजपा पर बढ़ा जनता का विश्वासः पाण्डेय



**जंगीगंज ( भदोही )।** विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में मिली भारतीय जनता पार्टी को भारी सफलता से पार्टी कार्यकर्ता गदगद है। इसी कड़ी में कल भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य एवं पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय ने जीत की खुशी पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज की पार्टी है और आज ही कारण है कि जनता का विश्वास भाजपा पर बढ़ा हुआ है।

# भागवत कथा का आयोजन



**नोएडा( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा के नेतृत्व में शिव नगरी सेक्टर- 17, नोएडा पर भागवत कथा आज भी जारी रही। कथा में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रीमद् भागवत कथा में वृंदावन राधे राधे मित्र मंडल समिति श्रीमद् भागवत कथा राष्ट्रीय कथा वाचक वीरेंद्र सांवरा जी महाराज के प्रवचनों को सुनकर श्रद्धालु आत्म विभोर हो गए। दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिंह ने बताया कि 22 नवंबर से कथा शुरू हुई है जो कल 3 दिसंबर 2023 को प्रात: 11ः00 बजे पूजा, पाठ, हवन और दोपहर 1ः00 बजे प्रसाद वितरण के साथ कथा का विधिवत रूप से समापन होगा उन्होंने सभी को कल हवन और प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# सपा की मासिक बैठक में दर्जनों लोगों ने ली सपा की सदस्यता



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन दादरी विधानसभा अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर ने किया। इस दौरान पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में मतदाता सूची पुनरिक्षण कार्यक्रम और आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा के शासन काल में जनता के हितों कि अनदेखी कि जा रही है। आज गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी सभी परेशान है, लेकिन ये तानाशाह सरकार किसी की नहीं सुन रही है।

भाजपा का जनता की समस्याओं से कोई लेना- देना नहीं है। वह तो केवल अपने राजनैतिक हित के लिए जनता को गुमराह करने का काम करती है। आज भाजपा सरकार द्वारा पिछड़े और दलितों के हक छीनने का काम किया जा रहा है। सरकार आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली और विकास करने वाली पार्टी है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश सचिव फकीरचंद नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इन्दर प्रधान, डॉ महेंद्र नागर, श्याम सिंह भाटी, देवेंद्र अवाना, पवन जोगी, मिंटी खारी, उपदेश नागर, सुनीता यादव, सुरेंद्र नागर, मेंहदी हसन, रविंद्र प्रधान, अकबर खान, अजय चौधरी, अतुल शर्मा एडवोकेट, अजीत भाटी, नीरज भाटी एडवोकेट, सुनील बदौली, राव संजय भाटी, विनीत यादव, विनोद लोहिया, विनय शर्मा, नवनीत शर्मा, सोनू चौधरी, सीपी सोलंकी, अनिल नागर, संजीव नागर, सतवीर गहलोत, हीरालाल यादव, विक्रम टाईगर, लोकेश जनमेदा, राम नरेश चौधरी, आजाद नागर, देवेंद्र भाटी, हुकम सिंह भारती, सतेंद्र नागर, नीतीश भाटी, मोहित नागर, सतीश भाटी, राहुल आर्यन, तेजपाल तोमर, लखन जाटव, हरवीर प्रधान, सुमित भारती, संजय भाटी, दिगंबर सिंह, जावेद अंसारी, सतीश कुमार, ओमप्रकाश सिंह, हबीब कुरैशी, दलमीरा खान, राकेश शर्मा, राज सिंह, शिव हरी शर्मा, कुंवरपाल भाटी, रामपाल सिंह, सोहनलाल, विनोद कुमार, अजय पाल सिंह, अरुण भाटी, रिजवान खान, सुखराज, विनय उपाध्याय, उपेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## संचार निगम एग्जेक्युटिव एसोसिएशन बीएसएनएल का जिला कांफ्रेन्स हुई आयोजित

**मिर्ज़ापुर ( चेतना मंच )।** संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन, मिर्ज़ापुर का डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेन्स बीएसएनएल मिर्ज़ापुर प्रचालन क्षेत्र के अनगढ़ रोड स्थित उपमहाप्रबंधक कार्यालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ से आये संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन यू पी ईस्ट के परिमंडल सचिव सुशील त्रिपाठी रहे। इन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि बीएसएनएल की प्रगति के लिए हम सभी अधिकारियों को मिल-जुल कर पूरी क्षमता के साथ कार्य करना है। सरकार ने हमें 4जी सेचुरेशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों तक 4जी नेटवर्क पहुँचाने का कार्य सौंपा है, इसे हम शीघ्र पूर्ण कर लेंगे। मिर्ज़ापुर ऑपरेशनल एरिया प्रमुख डीजीएम पी सी रावत ने भी सभा को संबोधित किया।

कांफ्रेंस में संचार निगम एग्जीक्यूटिव एसोसिएशन के मिर्ज़ापुर जिला की नई इकाई का गठन किया गया। संगठन के नए पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया वी पी राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। परिमंडल सचिव यू पी ईस्ट सुशील त्रिपाठी ऑब्ज़र्वर रहे।

डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेन्स में उपस्थित बीएसएनएल के सभी अधिकारियों ने सर्वसम्मति से आनन्द प्रजापति को पुन: जिला अध्यक्ष और सुभाष वर्मा को पुन: जिला सचिव चुना। कोषाध्यक्ष अमृतेश कुमार और उप कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह चुने गए। शशिकान्त को उपाध्यक्ष, अवधेश तिवारी को उप सचिव एच क्यू, वसंत वर्मा, धर्मेंद्र कुमार सिंह और शील रतन कश्यप को सह सचिव चुना गया। संगठन सचिव गिरीश कुमार कौशल को चुना गया। मनीष जायसवाल को सी ई सी मेंबर चुना गया। एग्जीक्यूटिव मेंबर के पद पर पंकज सिंह, ओम शिव और अब्दुल कादिर को चुना गया।

जिला कान्फ्रेन्स में सत्येंद्र सिंह (एस डी ई), राजेश सोनकर (जे टी ओ), विपिन सिंह (जे टी ओ), राजेश एस डी ई राबर्ट्सगंज, संजय कुमार (जे टी ओ) आदि अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया और कान्फ्रेन्स को समाप्त करने की घोषणा की।

**सूचना**

Dear Home/shop buyers/customers/recipients of supply for the project M/s ATS Township Pvt. Ltd., ATS Tower, Plot No.16, Sector.135 Noida, Uttar Pradesh-201305 for Project-"ATS Rhapsody", Situated at Plot No.GH.12/1, Sector-1, Village Bisrakh, Greater Noida, Uttar Pradesh and amount of profiteering Rs. 9,03,74,981/-.

This is to inform that concerned Home/shop buyers/ customers/ recipients of supply can claim the benefit of ITC, if not passed on.

It is to further informed that the detailed NAA Order in this regard is available on authority's website www.naa.gov.in.

# फर्जी बैनामा दिखाकर की जालसाजी, खालो ठगे

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्लॉट का फर्जी बैनामा दिखा कर जालसाज ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़प लिए। फर्जीवाडे का पता चलने पर पीड़ित में जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। न्यायालय के निर्देश पर पीड़ित ने थाना जेवर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मानक चौक कस्बा जेवर निवासी इंतजार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसने वर्ष-2004 में मोहल्ला खलीफान निवासी गोवर्धन से एक प्लॉट का सौदा किया था। गोवर्धन ने उसे प्लॉट का बैनामा दिखाते हुए बताया कि उसने बुक प्लॉट को अल्लामैहर नामक व्यक्ति से खरीदा है। उक्त प्लॉट का सौदा 32 लाख रुपए में तय हुआ जिसके एवज में उसने एक लाख रुपए बयाने के रूप में दे दिए। प्लॉट के बैनामे की तारीख 3 माह की तय हुई। इसका एक एग्रीमेंट भी बनवाया गया।

निर्धारित समय के पश्चात भी गोवर्धन ने प्लॉट का बैनामा उसके नाम नहीं कराया। इस दौरान उसने साढ़े तीन लाख रुपए और गोवर्धन को दे दिए। इंतजार के मुताबिक इस दौरान उसे पता चला कि गोवर्धन ने उसे कूर रचित बैनामा दिखाया था उक्त बैनामे की जमीन की खतौनी में खरीदार के नाम वह नहीं थे जो बैनामे में दर्ज थे। उसने इस बारे में जब गोवर्धन से बात की तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज कर जांच करने की धमकी देने लगा। इंतजार के मुताबिक उसने 2 मार्च 2023 को गोवर्धन से अपने पैसे मांगे तो उसने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# इलेक्ट्रोनिक स्टोर से लाखों का माल चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की तीन घटनाओं को अंजाम दिया। चोर एक स्टोर से लाखों रुपए के बिजली के केबल के बंडल व सीपी फिटिंग चोरी कर ले गए।

थाना बिसरख में टेक्जोन 5 निवासी अभिषेक कुमार मिश्रा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अपेक्स स्प्लेंडर सोसायटी में उसका स्टोर रूम है। बीते 12 नवंबर को वह अपना स्टोर बंद कर चला गया था। अगले दिन जब वह स्टोर पर पहुंचा तो वहां मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ था स्टोर के भीतर जाने पर पता चला कि कर लाखों रुपए मूल्य के 222 वायर बंडल तथा सीपी फिटिंग के 367 नग चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसी थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने सेक्टर 2 सी ब्लॉक के एक मकान से लाइट की वायरिंग एमसीबी लाइट के बोर्ड बाथरूम फिटिंग का सामान सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में गृह स्वामी रवि प्रताप सिंह ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर डेल्टा टू के एल ब्लॉक में रहने वाले दीपक तिवारी के घर से चोरों ने लैपटॉप चोरी कर लिया पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत बताएं कि उसके घर पर टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। शाम के समय वह वॉशरूम गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसका लैपटॉप गायब था दीपक तिवारी ने घर में ही काम करने वाले राहुल पर संदेह व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

# गूगल से बैंक का नंबर लेकर गंवाये लाखो रूपये

**नोएडा( चेतना मंच )।** गूगल से बैंक का नंबर लेना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड गया। गूगल से लिए गए फोन नंबर के जरिए साइबर ठग ने उक्त व्यक्ति को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। पीड़ित ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ थाना सेक्टर 20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-20 डी ब्लॉक में रहने वाले संजय कुमार वार्ष्णेय ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह बीते 9 अक्टूबर को अपने खाते की जानकारी लेने के लिए बैंक आफ इंडिया के कार्यालय में फोन मिला रहा था। कई बार फोन मिलाने पर भी बैंक के क्लर्क से संपर्क नहीं हो पाया इसके बाद उसने गूगल से बैंक आफ इंडिया का हेल्पलाइन नंबर डायल किया। उक्त नंबर पर बात करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए उसकी समस्या पूछी उसने जब अपने अकाउंट से बेटे के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने को कहा। जलसाज ने अपनी बातों के जाल में फंसाते हुए कहा कि वह उसके बेटे के अकाउंट में डायरेक्ट उसके खाते से पैसे ट्रांसफर कर देंगे। इसके बाद उसने ईमेल आईडी से अपना आइसीआइसीआइ बैंक का अकाउंट नंबर डाला। आइसीआइसीआइ बैंक की साइड खोलकर ईमेल आईडी डाली और पासवर्ड डाला तो उसके क्रेडिट कार्ड से पांच बार में 252000 निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया तो वह स्विच ऑफ मिला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पांच रूपये का ट्रंजैक्शन, बैंक से लाखो रूपये साफ

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर ठग नित नए नए तरीके से लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। कोरियर वापस करने का भय दिखाकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से 5 रुपए की ट्रांजैक्शन करा कर उसके बैंक खाते में सैंध लगा दी। साइबर ठग ने बैंक खाते से 119000 ऑनलाइन निकाल लिए। पीड़ित ने थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 36 स्थित रिलायंस स्मार्ट स्टोर में कार्यरत अभिजीत बक्शी ने पुलिस की शिकायत में बताया कि उसने 25 अक्टूबर को ट्रैक कौन कंपनी के द्वारा एक कोरियर अल्फा-वन मार्केट से किया था। यह कोरियर गुड़गांव के लिए किया गया था। 27 अक्टूबर को ट्रैक कौन कंपनी की तरफ से उसके मोबाइल पर कॉल आई और बताया गया कि उसके द्वारा किए गए कोरियर पर पते का पिन कोड एक्टिव नहीं है जिस कारण कोरियर वापस हो जाएगा पिन कोड एक्टिव करने के लिए उसे 5 रूपये ट्रांजेक्शन करने का ऑफर दिया गया। 5 रूपये ट्रांसफर करने के लिए उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया लिंक पर क्लिक करते ही पेटीएम का ऑप्शन आया जिस पर उसने 5 रूपये ऑनलाइन पेमेंट कर दी। 5 रूपये पेमेंट करने के कुछ देर बाद ही उसके दो बैंक खातों से एक साथ एक लाख 19 हजार रुपए ऑनलाइन निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे निकालने की जानकारी हुई जिसके बाद उसने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला अभिजीत बख्शी ने पुलिस से की गई शिकायत में बताएं कि उसने तुरंत अपने दोनों बैंक खाता बंद कर दिए और इस मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस से की पीड़ित ने कोरियर कंपनी की साइबर ठगों से मिली भगत होने की आशंका व्यक्त की है।

# बेहतर रिटर्न का लालच देकर जाल में फंसाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** साइबर ठग ने एक युवती को निवेश पर बेहतर रिटर्न का लालच देकर लाखों रुपए हड़प लिए। शुरुआत में ठगने युवती को छोटी रकम पर बेहतर रिटर्न देकर अपने जाल में फंसाया और इसके बाद मोटा निवेश करने पर वह रफू चक्कर हो गया। पीड़िता के भाई ने थाना सेक्टर 126 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम रायपुर निवासी दीपक चौहान ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 17 नवंबर को उसकी बहन के मोबाइल फोन पर एक व्यक्ति का मैसेज आया। उक्त व्यक्ति ने बताया कि घर बैठे टास्क पूरा करने पर उसे बेहतर रिटर्न दिया जाएगा। शुरुआत में उसकी बहन ने डेढ़ सौ रुपए जमा कराए। कुछ समय बाद उसके खाते में 450 ट्रांसफर किए गए। इसके बाद युवती को मैसेज कर दो हजार रूपए जमा करने को कहा गया। दो हजार रुपए जमा करने के कुछ समय बाद युवती के खाते में 2800 ट्रांसफर किए गए। दीपक चौहान के मुताबिक इसके बाद उसकी बहन को झांसे में लेकर साइबर ठग ने उससे 7 बार में 286000 रुपए जमा करा लिए। निर्धारित वक्त बचने के बाद जब पैसे वापस नहीं मिले तो उन्हें ठगी का पता चला उसके बाद उन्होंने उक्त नंबर पर बात करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला।

# मारपीट कर किया लहूलुहान

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर 63 में एक व्यक्ति ने 8 नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक वह ई-रिक्शा का किराया लेकर घर लौट रहा था इस दौरान आरोपी ने उसे पर हमला कर उसे घायल कर दिया। थाने में दर्ज कराई शिकायत में चोटपुर कॉलोनी निवासी प्रणेश झा ने बताया कि वह 25 अक्टूबर की रात्रि को अपने ई-रिक्शा का किराया लेकर घर वापस लौट रहा था। इस दौरान उसे रास्ते में मोर पाल उसकी पत्नी गीता, बेटी नैना, बेटा पुष्कर तथा पड़ोसी धर्मेंद्र उसकी पत्नी पूजा बेटी सृष्टि और मनोज आदि ने घेर लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की विरोध करने पर सभी आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। लहूलुहान करने के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। किसी राहगीर की सूचना पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी ने बताएं कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनके तलाश की जा रही है।

# पृष्ठ एक के शेष....

**नकारात्मकता को...**

ये 4 ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है, उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है।जब गुड गवर्नेंस और जनहित का समर्थन होता है तो एंटी इनकंबेंसी इरेलीवेंट हो जाती है। हम देख रहे हैं कि कोई से गुड गवर्नेंस कहता है तो इसे कोई इसे प्रो एंकेबसी कहता है। ये परिवर्तना लगातार ये परिवर्तन आ रहा है।

नए संसद भवन का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हमने देखा है कि जब सुशासन सुनिश्चित हो जाता है तो 'एंटी-इनकंबेंसी' शब्द अप्रासंगिक हो जाता है।इतने अद्भुत जनादेश के बाद आज हम संसद के इस नये मंदिर में मिल रहे हैं। जब इस नए परिसर का उद्घाटन हुआ था, तो उस समय एक छोटा सा सत्र था और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ था। लेकिन इस बार लबें समय तक इस सदन में कार्य करने का बहुत अच्छा और व्यापक अवसर मिलेगा।

**नोएडा के सभी सरकारी...**

कल में टीचर्स, पेरेंट्स मीटिंग (पीटीएम) को बंद कर दिया गया था। लेकिन अब से सभी स्कूलों में (पीटीएम) फिर से शुरू कर दी जाएगा। जिससे अभिभावक तथा शिक्षक अपने छात्रों को लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर सकें। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, संपर्क फाउंडेशन के अध्यक्ष विनीत नायर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल सिंह, रश्मि, अशोक, कंचन बाला, अतुल सिंह, धर्मेंद्र चौहान समेत विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल तथा शिक्षक गण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

**पाइप फैक्ट्री मालिक...**

दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति जगबीर सिंह राठी ग्रेटर नोएडा में राठी पाइप ट्रेडिंग का अपने घर से ही कार्य करते थे। उन्होंने मैसर्स इलाइस एंटरप्राइजेज के मालिक महेश सिंगला को पाइप का आर्डर दिया था महेश सिंगलाा ने सैंपल में अच्छे पाइप दिखाई लेकिन माल घटिया क्वालिटी का भेज दिया इस बारे में उनके पति ने महेश सिंगला को चेक के लेनदेन के संबंध में नोटिस भी भेजा था। दर्शन राठी का आरोप है कि उनके पति ने अपनी तमाम जमा पूंजी और रिश्तेदार से कर्जा लेकर महेश सिंगला को पेमेंट की थी। महेश सिंगला ना तो अच्छी क्वालिटी का माल भेज रहे थे और ना ही पैसे वापस कर रहे थे इस कारण उसके पति जगबीर सिंह राठी मानसिक तनाव में चले गए और चुपचाप रहने लगे। परिजनों ने उन्हें समझने का काफी प्रयास किया। लेकिन महेश सिंगला की प्रताड़ना की वजह से उन्होंने पांच अक्टूबर को गामा-1 स्थित पार्क में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पोस्टमार्टम के बाद वह शव को अपने पैतृक गांव हरियाणा ले गए और उनका अंतिम संस्कार किया। उसके बाद वह 28 अक्टूबर को ग्रेटर नोएडा वापस आई तो उन्होंने अपने पति का मोबाइल फोन खोल कर देखा मोबाइल फोन में एक वीडियो मिला जिसमें जगबीर सिंह अपनी आत्महत्या के लिए महेश सिंगला को दोषी ठहरा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर फैक्ट्री मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराई गई वीडियो की पड़ताल की जा रही है।

**सड़क पर लहूलुहान...**

थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के छपरौली गांव के पास एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 32 वर्षीय महिला मधु की मौत हो गई हादसे के वक्त मधु पैदल एक्सप्रेस-वे पार कर रही थी। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हुई मधु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थाना रबूपुरा में ग्राम गड़ाना निवासी उषा देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 1 दिसंबर की रात्रि को चचुरा मोड़ के पास तेज गति में आ रहे कार चालक ने उसके पति के ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पति मदनपाल व एक महिला घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए बुलंदशहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया गंभीर स्थिति को देखते हुए मदनपाल को यथार्थ अस्पताल के लिए रेफर किया गया उपचार के दौरान मदनपाल की मौत हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है

**आज से फर्जी मुआवजा**

पिछले 15 वर्षों में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी उसमें बादौल बांगर के 169, बादौली खादर के 344, सुथियाना के 469, कोंडली बांगर के 353 , छजारसी के 417 , रोहिल्लापुर के 455, सुल्तानपुर के 230, याकूबपुर के 193, बेगमपुर के 344, छपरौली बांगर के 278, सदरपुर के 981, लखनावली के 58, बहलोलपुर के 300, चोटरपुर के 187, नगलीनगला के 41, सलारपुर के 322, हल्दोनी के 118, झट्टा के 103, शाहपुर गोवर्धन खादर के 371, बसी बहाउद्दीनगर के 241, वाजिपुर के 373, शाहपुर गोवर्धन बांगर के 290, गुलावली के 327, रायपुर के खादर के 130, छलैरा बांगर के 13, गेझा तिलपताबाद के 3, गढ़ी चौखंडी के 59 , पर्थला खंजरपुर के 327, नलगढ़ा के 6, शहदरा के 795 ,सोरखा जाहिदाबाद के 1371, अगरपुर जागीर के 405 किसान शामिल है। जिनको फाइलों को एसआईटी खंगालेगी।

**दादरी में 35 करोड़...**

अमित चौधरी तथा दादरी नगर पालिका परिषद की चेयरमैन श्रीमती गीता पंडित एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी भी मौजूद रहेंगे।

श्री नागर ने बताया कि दादरी जारचा मार्ग से वीरपुर, खंडेरा, जीटी रोड, कोट का पुल से नहर पटरी पर चक्रपुर, कैमराला तथा मडैया चक्रसेनपुर तक 23 करोड़ की लागत से मार्ग का चौड़ीकरण तथा सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जाएगा। वहीं फूलपुर, नई बस्ती बील तथा रामगढ़ होते हुए अजायबपुर रेलवे स्टेशन तक 12 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराया जाएगा।

**कल से राशन का...**

नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उपलब्धता की सीमा तक आच्छादित अंत्योदय लाभार्थियों को प्रत्येक अंत्योदय कार्ड पर 14 किग्रा0 गेहूं, 21 किग्रा चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 2 किग्रा0 गेहूं, 3 किग्रा0 चावल का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है।

**मायके की जमीन...**

उसने जाकर अपने पति अजीत गौतम को यह बात बताई तो उसने इस मामले को यही दबा देने तथा चुप रहने की धमकी दी। रंजना का आरोप है कि 3 अगस्त को उसके पति व ससुराल वालों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। ससुराल वालों ने धमकी दी कि अगर उसने कहीं रिपोर्ट दर्ज कराई तो उसे चोरी के झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा। पीड़िता ने ससुराल वालों से अपनी जान का भी खतरा बताया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।







# उ.प्र. राज्य की महिलाओं के ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत




**प्रयागराज (चेतना मंच)।** देश के विकास में महिलाओं की अहम भागीदारी रही है। इफको नैनो उर्वरक खेती के लिए क्रांतिकारी उत्पाद हैं। आने वाला समय इफको नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया का है । उक्त बातें महाप्रबंधक एम डी मिश्रा, इफको फूलपुर इकाई ने उ.प्र.राज्य की महिलाओ हेतु विशेष ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कारडेट फूलपुर के सभागार में कहीं । एम.डी.मिश्रा जी ने महिला प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और बताया की नई तकनीक की जानकारी करना समाज एवं देश हित में आवश्यक है तथा नई तकनीक को समझने में कठिनाई तो होती है पर वह धीरे-धीरे प्रयास से सरल हो जाती है ।

कार्यक्रम में कार्डेट फूलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र ने जानकारी दी की यह कार्यक्रम 15 दिन का है इन 15 दिनों के दौरान प्रतिभागी ड्रोन संचालन के साथ-साथ उर्वरकों के कुशल प्रयोग की जानकारी भी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश तिवारी ने किया एवं श्रीमती सविता शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर कारडेट फूलपुर के राजेश कुमार सिंह, श्रीमती अंजलि चौधरी, वीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# पेरिस ओलंपिक के बाद एलीट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर बंद करेगा एएफआई

**अमृतसर (एजेंसी)।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को फैसला किया कि वह पेरिस ओलंपिक के बाद एलीट खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय शिविर का आयोजन नहीं करेगा और शीर्ष खिलाड़ियों की देखरेख के लिए सार्वजनिक और निजी इकाइयों के लिए दरवाजे खोलेगा।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमारिवाला ने यहां महासंघ की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के अंतिम दिन कहा, 'हमने पेरिस (अगले साल) के बाद सीनियर राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर खत्म करने का फैसला किया है। हमने खेल मंत्रालय को भी इसकी सूचना दे दी है जिसने हमारे कदम की सराहना की है।' उन्होंने कहा, 'साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) के एनसीओई (राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों) में इतनी सारी अच्छी सुविधाएं हैं। रिलायंस, जेएसडब्ल्यू, टाटा और अन्य निजी इकाइयों में भी अच्छी सुविधाएं हैं। उन्होंने भारी भरकम निवेश किया है और विदेशी कोच को नियुक्त किया है।'

सुमारिवाला ने कहा, 'वे अपनी सुविधाओं पर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकते हैं। निजी इकाइयां ही नहीं बल्कि सेना खेल संस्थान, रेलवे, वायुसेना, नौसेना, ओएनजीसी, सार्वजनिक क्षेत्र की अन्य इकाइयां और यहां तक कि राज्य सरकारें भी अपने खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे सकती हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारे पास पांच से 10 साइ केंद्र हैं लेकिन हमारे पास ऐसे 200 केंद्र हो सकते हैं (सार्वजनिक और निजी इकाइयों की मदद से ट्रेनिंग के लिए)। खिलाड़ी ट्रेनिंग के लिए शिविर की जगह अपने घरों में रह सकते हैं।'

एएफआई के इस कदम का मतलब है कि नीरज चोपड़ा, मुरली श्रीशंकर और अविनाश साबले जैसे शीर्ष खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद उसके तत्वावधान में ट्रेनिंग नहीं करेंगे लेकिन महासंघ उनकी प्रगति की निगरानी करता रहेगा। खिलाड़ी अब सीधे तौर पर सार्वजनिक और निजी इकाइयों के अंतर्गत आएंगे जिसमें ओडिशा, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसी राज्य सरकारें भी शामिल हैं। एएफआई हालांकि कोच की टीम बनाएगा और खिलाड़ियों पर नजर रखेगा। एएफआई अभी लगभग 130 से 150 एलीट खिलाड़ियों के लिए 50 से 60 सहयोगी स्टाफ के मार्गदर्शन में केंद्रीयकृत राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर का आयोजन करता है।

इसका आयोजन मुख्य रूप से एनआईएस पटियाला, बेंगलुरू के साइ केंद्र और तिरूवनंतपुरम में एलएनसीपीई में होता है। चोपड़ा अधिकतर भारत के बाहर ट्रेनिंग करते हैं जबकि श्रीशंकर को उनके पिता एस मुरली केरल में ट्रेनिंग देते हैं। दोनों को जेएसडब्ल्यू समर्थन देता है। सुमारिवाला ने कहा कि इसके पीछे का विचार शिविरों का विकेंद्रीकरण करना और इन्हें पूरे देश में फैलाना है जिससे कि खिलाड़ी अपने घर के करीब ट्रेनिंग ले सकें। हालांकि जूनियर राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर महासंघ के सहयोग से एनसीओई में ही होंगे।

एएफआई ने साथ ही कहा कि वह पुरुष चार गुणा 400 मीटर, महिला चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की ट्रेनिंग अपने अंतर्गत जारी रखेगा। एएफआई के नीति आयोग के अध्यक्ष ललित भनोट ने कहा, ''तीन रिले टीम एएफआई के सीधे निरीक्षण में होंगी क्योंकि रिले टीम के सदस्य अलग अलग ट्रेनिंग नहीं कर सकते और उन्हें आपसी समन्वय की जरूरत होती है। हम प्रतियोगिताओं का आयोजन भी जारी रखेंगे।'




एएफआई ने कहा कि वह विदेशी अनुभव दौरों के दौरान भी खिलाड़ियों की जिम्मेदारी लेगा। महासंघ के राष्ट्रीय शिविर का आयोजन नहीं करने का मतलब है कि खिलाड़ियों के डोप परीक्षण पर नियंत्रण कम होगा। एएफआई ने इसे स्वीकार करते हुए कहा कि इस फैसले के विपक्ष की तुलना में पक्ष में चीजें अधिक हैं। सार्वजनिक और निजी इकाइयों के ट्रेनिंग की जिम्मेदारी लेने से खिलाड़ियों के पूल में भी इजाफा होगा जो अभी 100 से 150 खिलाड़ियों के बीच है।

पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और एएफआई की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा कि एएफआई का यह फैसला सही दिशा में उठाया गया कदम है। विश्व चैंपियनशिप 2003 की कांस्य पदक विजेता पूर्व लंबी कूद खिलाड़ी अंजू ने यहां एजीएम के इतर कहा, ''खिलाड़ियों की पढ़ाई बड़ी चिंता की बात है। अगर कोई खिलाड़ी एनआईएस या बेंगलुरू और तिरूवनंतपुरम में साल में 11 महीने ट्रेनिंग करता है तो उसके लिए पढ़ाई करना बेहद मुश्किल हो जाता है। अब वे अपने घर के करीब ट्रेनिंग कर सकते हैं और पढ़ाई भी जारी रख सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों ही नहीं बल्कि कोच को भी अपने परिवार से दूर आना पड़ता है और वे साल में 11 महीने राष्ट्रीय शिविर में रहते हैं। वे भी अपने घर के करीब ट्रेनिंग शिविर से जुड़ सकते हैं।' अंजू ने स्वीकार किया कि शुरुआती महीनों में कुछ समस्याएं आ सकती हैं लेकिन यह फैसला भारतीय एथलेटिक्स को आगे ले जाएगा।

# मेदजेदोविच ने फिल्स को हराकर नेक्स्ट जेन फाइनल्स चैंपियनशिप जीती



**जेद्दा (सऊदी अरब) (एजेंसी)।** हेमाद मेदजेदोविच ने शीर्ष वरीय आर्थर फिल्स को हराकर उलटफेर करते हुए नेक्स्ट जेन फाइनल्स टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। मेदजेदोविच ने दो घंटे और 11 मिनट चले फाइनल में फिल्स को पांच सेट में 3-4 (6), 4-1, 4-2, 3-4 (9), 4-1 से हराया।

टूर्नामेंट के छह सत्र में यह पहला मौका है जब फाइनल में पांच सेट खेले गए। इक्कीस साल या इससे कम उम्र के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट में खिताबी जीत के दौरान 20 साल के मेदजेदोविच ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया और इस टूर्नामेंट के जीतने वाले सर्बिया के पहले खिलाड़ी बने।

वर्ष 2017 में पहले टूर्नामेंट से ही इसका आयोजन मिलान में हो रहा था जबकि इस साल पहली बार यह टूर्नामेंट सऊदी अरब में खेला गया। इससे पहले स्टेफानोस सितसिपास, यानिक सिनर और कार्लोस अल्बारेज जैसे खिलाड़ी नेक्स्ट जेन फाइनल्स जीत चुके हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज के लिए रेणुका सिंह की टीम में वापसी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की वापसी हुई है। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज खेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेगी। इन 2 टेस्ट मैचों के दौरान रेणुका, इशाक के साथ-साथ जेमिमाह रॉड्रिग्स भी टेस्ट डेब्यू कर सकती हैं। यह 2014 के बाद भारतीय पिच पर पहला महिला टेस्ट होगा। बता दें कि मिताली राज और झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद भी भारत के लिए यह पहला टेस्ट है और हरमनप्रीत कौर पहली बार टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगी। गौरतलब है कि श्रेयांका डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ी थीं। वह सीपीएल में खेलने वाली पहली भारतीय महिला थीं और उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लिए। फिलहाल वह इंग्लैंड ए के खिलाफ इंडिया ए के लिए टी20 सीरीज खेल रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर इशाक डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थीं और 15 विकेट लेकर वह टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज बनीं।

इशाक और श्रेयांका के टी20 टीम में आने से राजेश्वरी गायकवाड़ और देविका वैद्य की जगह नहीं बन पाई है।

जानकारी के अनुसार अंडर-19 विश्व कप का हिस्सा रहीं बाएं हाथ की स्पिनर मन्नत कश्यप को भी टी20 टीम में जगह मिली है, वहीं कनिका आहूजा को टी20 टीम में बरकरार रखा गया है। टेस्ट मैचों में अनुभवी शिखा पांडे को जगह नहीं मिली है तो रेणुका ही 4 सदस्यीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगी। उनके साथ तितास साधु, मेघना सिंह और ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकर को टीम में जगह मिली है। स्नेह राणा टेस्ट टीम में वापसी करती हुई नजर आएंगी। यह प्रमुख कोच अमोल मजूमदार का पहला कोचिंग असाइनमेंट भी होगा।

# महिला प्रीमियर लीग की नीलामी 9 को, गुजरात 5.95 करोड़ में 10 खिलाड़ी खरीदेगी

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग की 9 दिसंबर को नीलामी होने वाली है। इसमें कुल 165 खिलाड़ी शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार डब्ल्यूपीएल का दूसरा संस्करण अगले साल फरवरी मार्च में आयोजित किया जाएगा। सभी 5 टीमों में अधिकतम 30 स्थान खाली हैं जिनमें से 9 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। सभी 5 टीमों में दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने कुल 60 खिलाड़ियों को रिटेन किया है जिनमें 21 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीलामी के लिए सूचीबद्ध प्रमुख कैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में वेदा कृष्णमूर्ति एस मेघना, मेघना सिंह और देविका वैद्य शामिल हैं। हालांकि एसोसिएट देशों की 15 खिलाड़ी का नाम ऑक्शन पूल में है। इसमें यूएसए की तारा नॉरिस का नाम भी शामिल है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने भी अपना बेस प्राइस 30 लाख रुपए रखा है। 165 खिलाड़ियों में 104 खिलाड़ी भारत की हैं और 61 खिलाड़ी विदेशों की हैं। विदेशी खिलाड़ियों में 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों की हैं। कुल 56 खिलाड़ी ऐसी भी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। जबकि 109 खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का अनुभव नहीं है।



महिला खिलाड़ी की 50 लाख बेस प्राइस में डिएंड्रा डॉटिन, विंडीज ऑलराउंडर तथा किम गार्थ, ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज शामिल हैं। वहीं 40 लाख बेस प्राइस में एनाबेल सदरलैंड, ऑलराउंडर, जॉर्जिया वेयरहैम, ऑलराउंडर, एमी जोन्स, विकेटकीपर तथा शबनीम इस्माइल, तेज गेंदबाज शामिल हैं। फ्रेंचाइजी वाइज खिलाड़ी की संख्या देखें तो दिल्ली के पास 15 खिलाड़ी हैं जिनमें 5 विदेशी हैं। अब तक 11.25 करोड़ खर्च हो चुके हैं जबकि 2.25 करोड़ शेष राशि हैं, जिसे 3 स्लाट में खर्च करना है। इसी तरह गुजरात के पास 8 खिलाड़ी हैं जिनमें 3 विदेशी हैं। अब तक 7.55 करोड़ खर्च हो चुके हैं जबकि 5.95 करोड़ शेष राशि हैं, जिसे 10 स्लाट में खर्च करना है। मुंबई के पास 13 खिलाड़ी हैं जिनमें 5 विदेशी हैं। अब तक 11.4 करोड़ खर्च हो चुके हैं जबकि 2.1 करोड़ शेष राशि हैं, जिसे 5 स्लाट में खर्च करना है। बैंगलोर के पास 11 खिलाड़ी हैं जिनमें 3 विदेशी हैं। अब तक 10.15 खर्च हो चुके हैं जबकि करोड़ 3.35 करोड़ शेष राशि हैं, जिसे 7 स्लाट में खर्च करना है। यूपी के पास 13 खिलाड़ी हैं जिनमें 5 विदेशी हैं। अब तक 9.5 करोड़ खर्च हो चुके हैं जबकि 4 करोड़ शेष राशि हैं, जिसे 5 स्लाट में खर्च करना है।

# पाकिस्तान से भिड़ने, पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

सिडनी। पाकिस्तान से लोहा लेने पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित कर दी गई है। जानकारी के अनुसार डेविड वार्नर को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। बताया जा रहा है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में संभावित विदाई का मौका मिल सकता है। रविवार को घोषित टीम में 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज वार्नर को भी जगह मिली है। यह टीम हालांकि पर्थ में 14 से 19 दिसंबर तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए ही है। यदि वह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए टीम में जगह बरकरार रखते हैं तो फिर उन्हें तीन से सात जनवरी तक अपने घरेलू मैदान एससीजी में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में स्वप्निल विदाई का मौका मिल सकता है। गौरतलब है कि वार्नर का हाल में टेस्ट क्रिकेट में फॉर्म मिश्रित रहा है और 2019 में एडीलेड में पाकिस्तान के खिलाफ तिहरा शतक जड़ने के बाद से उनका औसत 28 का रहा है। उन्होंने सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना जारी रखने और सिडनी में टेस्ट करियर को अलविदा कहने की अपनी इच्छा स्पष्ट कर दी है। बता दें कि वार्नर पहले टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे जबकि सलामी बल्लेबाज कैमरन बेनक्राफ्ट, मैट रेनशॉ और मार्कस हैरिस के पास प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए टीम में जगह बनाने का दावा मजबूत करने का मौका होगा। प्रधानमंत्री एकादश की टीम छह से नौ दिसंबर तक कैनबरा में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, लांस मॉरिस, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क और डेविड वार्नर शामिल हैं।

# टी20 विश्व कप पर आशीष नेहरा का दावा, रिंकू सिंह करेंगे चुनौतियों का सामना

नई दिल्ली। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा है कि रिंकू सिंह टी20 विश्व कप की दावेदारी जरुर कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अन्य खिलाडियों से चुनौती का सामना करना पड़ेगा। बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह भारत की टी20 विश्व कप टीम में 'फिनिशर स्थान के लिए दावेदार हो रही है। बता दें कि टी20 विश्व कप अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। रिंकू आस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार फॉर्म में हैं। शुक्रवार को चौथे मैच में उन्होंने 29 गेंद में 46 रन की पारी खेली और भारत की 20 रन की जीत में अहम भूमिका अदा की और इससे टीम श्रृंखला 3-1 से अपने नाम करने में सफल रही। नेहरा ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि रिंकू भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने के दावेदार हैं। लेकिन विश्व कप अभी काफी दूर है और जिस स्थान के लिए वह दावेदार है, उसके लिए कई और खिलाड़ी उन्हें चुनौती पेश करेंगे। रिंकू ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में कुछ अच्छी पारियां खेलीं जिसमें तिरूवनंतपुरम में दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनकी नौ गेंद में नाबाद 31 रन की पारी ने भारत की 44 रन की जीत में बड़ी भूमिका अदा की थी। इधर इस पर भी संशय बना हुआ है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 विश्व कप के लिए भारत की योजना का हिस्सा होंगे या नहीं। अभी इस पर भी कोई स्पष्टता नहीं है तो टीम में कई बड़े बदलाव हो सकते हैं और रिंकू 'स्लॉग ओवर के लिए प्रबल दावेदार हो सकते हैं। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने कहा कि आप जितेश शर्मा और तिलक वर्मा को भी देख सकते हो। इसलिये चर्चा करनी होगी कि श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या किन स्थानों पर खेलेंगे। नेहरा ने कहा कि हमें देखना होगा कि 15 सदस्यीय टीम में कितने स्थान उपलब्ध हैं।

# 12 भारतीय मुक्केबाजों ने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के 12 जूनियर मुक्केबाजों ने जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जगह बना ली है। उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और येरेवन, आर्मेनिया में शानदार प्रदर्शन के बाद फाइनल में प्रवेश किया। इनमें अमीषा (54 किग्रा) और पायल (48 किग्रा) ने रोमानिया की ट्रिगोस बुकुर रोशियो और कजाकिस्तान की बिबोलसिंकीज़ी सिला के खिलाफ टीम इंडिया के लिए दिन की विजयी शुरुआत की। दोनों ने सर्वसम्मति से 5-0 से मुकाबला जीता। प्राची टोकस (80+किग्रा) ने रूस की ओसिपोवा मारिया पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे रेफरी को जीत हासिल करने के लिए पहले दौर में ही मुकाबला रोकना पड़ा। दूसरी ओर, मेघा (80 किग्रा) ने ताकत और शक्ति का समान प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की त्सेंग एन ची के खिलाफ जीत हासिल की। रेफरी ने तीसरे राउंड में मुकाबला रोक दिया। विनी (57 किग्रा) आकांशा (70 किग्रा) और सृष्टि (63 किग्रा) ने अपने विरोधियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5-0 से सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि विनी का मुकाबला ग्रीस की कांतजारी ओरियाना से था, जबकि आकांशा और सृष्टि का मुकाबला क्रमश- आयरलैंड की मैकडोनाग मैरी और कजाकिस्तान की के अलीना से था। निशा (52 किग्रा) ने पहले दौर में शुरुआती प्रभुत्व के बाद संघर्ष किया, लेकिन जल्द ही रूस की सिक्सटस डायना पर 4-1 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। लड़कों ने दमदार प्रदर्शन किया और पांच में से चार मुक्केबाजों ने जीत हासिल की। दो दिग्गज हार्दिक पंवार (80 किग्रा) और हेमंत सांगवान (80+ किग्रा) ने बेलारूस के आर आंद्रेई और आर्मेनिया के के तिगरान के खिलाफ 5-0 की सर्वसम्मत निर्णय से आसान जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया।जतिन (54 किग्रा) का मुकाबला रूस केके पावेल से हुआ जो एक पल के लिए अधिक प्रभावशाली मुक्केबाज लग रहे थे लेकिन जतिन ने 4-1 से जीत अपने पक्ष में कर ली।



# वर्ल्ड कप फाइनल गंवाने का गम भुलाने में मदद करेगी टी20 की जीत

**-ऋतुराज गायकवाड़ नतीजों से हुए खुश, हर खिलाड़ी को ?दिया जीत का श्रेय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ ने कहा कि टी20 की जीत से वर्ल्ड कप फाइनल गंवाने का गम भुलाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि टी20 की जीत के लिए हर खिलाड़ी ने अपना बेहतर दिया है, इसलिए सभी को इसका श्रेय दिया जाना चाहिए। गौरतलब है कि आक्रामक और निर्भीक रवैये की बदौलत भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत दर्ज करने में सफल रही। उन्होंने साथ ही उम्मीद जताई कि वनडे विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार के बाद खेल प्रेमियों के लिए यह खुशी का मौका होगा। बता दें कि भारत ने शुक्रवार को चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाया था जिसमें गायकवाड़ ने 28 गेंद में 32 रन की पारी खेली। गायकवाड़ ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी के लिए खुद को अभिव्यक्त करना और खेल का लुत्फ उठाना महत्वपूर्ण था। प्रत्येक खिलाड़ी ने प्रत्येक चरण में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इसलिए हम नतीजे से खुश हैं लेकिन अभी एक मैच और बचा है। विश्व कप की निराशा को लेकर गायकवाड़ ने कहा कि चर्चा का लब्बोलुवाब यही था कि बस निर्भीक और आक्रामक खेलो। विश्व कप टीम के 2-3 सदस्य हमारे साथ थे। उन्होंने कहा कि टीम में सकारात्मक माहौल था क्योंकि हम घरेलू टूर्नामेंट खेलकर आ रहे हैं और हर खिलाड़ी ने इसमें अच्छा प्रदर्शन किया था। हर खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरा था। गायकवाड़ ने यह भी कहा कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के साथ खेलते हुए महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टी20 क्रिकेट की बारीकियां सीखीं। उन्होंने कहा कि मैंने सीएसके के लिए खेलते हुए इस प्रारूप के बारे में काफी कुछ सीखा। माही भाई (एमएस धोनी) हमेशा हालात पढ़ने और खेल को समझने के लिए तत्पर रहते हैं। उनका संदेश होता था कि आप टीम का स्कोर देखकर तय करो कि टीम की जरूरत क्या है, भले ही मैच की परिस्थितियां किसी भी तरह की हों। उन्होंने कहा कि टी20 में आपको मानसिक रूप से खेल में हमेशा आगे रहना होता है और मैं इसे काफी अहमियत देता हूं। मैच से पहले मैंने सोचा कि मैच के दौरान किस तरह के हालात हो सकते हैं और पिच कैसे बर्ताव कर सकती है। गायकवाड़ ने कहा कि माही भाई हमेशा जोर देते हैं कि हमें मैच के दौरान मन को ज्यादा भटकाना नहीं चाहिए क्योंकि एक सलामी बल्लेबाज के लिए टी20 मैच में भी खेलने के लिए काफी समय होता है। गायकवाड़ ने यशस्वी जायसवाल के साथ दूसरे और चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में क्रमश- 77 और 50 रन की साझेदारी निभाई।

# न्यूकासल ने मैनचेस्टर यूनाईटेड को हराया, आर्सेनल को चार अंक की बढ़त



लंदन। खिलाड़ियों की चोटों से जूझने के बावजूद न्यूकासल यूनाईटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां मैनेचस्टर यूनाईटेड को 1-0 से हरा दिया। न्यूकासल के मैनेजर एडी होवे को लगातार तीसरे मैच में समान एकादश के साथ शुरुआत करने को मजबूर होना पड़ा लेकिन उनके खिलाड़ी उम्मीद पर खरे उतरते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहे। मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में एंथोनी गोर्डन ने किया जो न्यूकासल को जीत दिलाने के लिए काफी था। इस बीच आर्सेनल ने वोल्वरहैम्पटन को 2-1 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है। आर्सेनल की ओर से बुकायो साका और मार्टिन ओडेगार्ड ने गोल दागे। आर्सेनल की टीम 14 मैच में 33 अंक के साथ शीर्ष पर है। मैनचेस्टर सिटी 29 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है। न्यूकासल की टीम आर्सेनल से सात अंक पीछे पांचवें पायदान पर है जबकि मैनचेस्टर यूनाईटेड सातवें नंबर पर है। अन्य मुकाबलों में बर्नले ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे शेफील्ड यूनाईटेड को 5-0 से हराया जबकि एवर्टन ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 1-0 से शिकस्त दी। बर्नले के जे रोड्रिग्ज ने इस दौरान 16 सेकेंड के भीतर गोल दागा।

# लीग वन मैच के दौरान हिंसा से जुड़े मामले में नैनटेस समर्थक की मौत

नैनटेस (फ्रांस)। फ्रांस में घरेलू फुटबॉल के मौजूदा सत्र में हिंसा की नवीनतम घटना में नीस पर 1-0 से जीत से पहले हुई हिंसा में नैनटेस के एक समर्थक की शनिवार को मौत हो गई। लीग वन (देश की शीर्ष फुटबॉल लीग) की टीम नैनटेस ने रात में एक बयान में कहा कि क्लब स्टेडियम के करीब यह प्रशंसक हमले में 'गंभीर रूप से घायल' हो गया था। क्लब ने कहा, 'हिंसा का यह मामला न्यायिक जांच का विषय है। इस 31 साल के प्रशंसक की पीठ में गंभीर चोट लगी थी। आपातकालीन सेवाओं की मदद के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।' नैनटेस ने कहा कि सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने हत्या की जांच शुरू कर दी है। नैनटेस ने हालांकि नीस के खिलाफ इस मैच को 1-0 से जीता। मौजूदा सत्र में 14 मैचों में नीस की पहली हार है। फ्रांस की खेल मंत्री अमेली औडेया-कैस्टेरा ने 'एक्स' पर इसे 'बहुत दुखद' करार देते हुए लिखा, 'मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, उनके परिजनों और स्टेडियम में मौजूद उनके दोस्तों के साथ हैं।' फ्रांस में पिछले दो सत्र के दौरान स्टेडियम में हिंसा की घटनाएं बढ़ीं है। इस से पहले अक्टूबर में मोंटपेलियर में प्रशंसक ने मैदान में पटाखा फेंक दिया जिसके कारण मैच को बीच में रोकना पड़ा। यह पटाखा क्लेरमोट के गोलकीपर मोरी डियाव के करीब फूटा जिसके बाद उन्हें स्ट्रेचर की मदद से बाहर ले जाया गया। वह हालांकि गंभीर रूप से चोटिल नहीं हुए थे। इस घटना के कुछ सप्ताह के बाद मार्सिले में प्रशंसकों ने लियोन के खिलाड़ियों को ले जा रही बस पर पत्थर से हमला किया। इस घटना में लियोन के कोच फाबियो ग्रोसो का चेहरा लहूलुहान हो गया था।



# विश्वकप में मिली शौहरत पर रचिन ने कहा, मैं आज भी जमीन पर

**मुंबई (एजेंसी)।** वर्ल्डकप 2023 में न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ने एक गुमनाम से प्लेयर के तौर पर आए थे, लेकिन टूर्नामेंट में जबर्दस्त प्रदर्शन के बाद हर कहीं उनके नाम की चर्चा है। रचिन ने टूर्नामेंट के 10 मैचों में 64.22 के औसत से 578 रन बनाए जिसमें तीन शतक शामिल रहे। बल्ले से प्रदर्शन के अलावा खेल के प्रति अपनी अप्रोच और तकनीक से भी 24 साल के रचिन रवींद्र ने सभी को प्रभावित किया।

हालांकि वर्ल्डकप में मिले नाम और शोहरत के बावजूद रचिन ने अपने 'पैर' जमीन पर ही रखे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी भी वहीं रचिन हूं। अपनी टीम के साथियों और परिवार के साथ समय बिताता हूं। उम्मीद है कि इससे मेरी जिंदगी में कुछ भी बदलाव नहीं आएगा।

रचिन ने कहा, हांज्यह जरूर है कि मुझे लोगों का कुछ ज्यादा अटेंशन मिलता है। वे फोटो और ऑटोग्राफ के लिए कहते हैं। मुझे लगता है कि जब आप कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तब ऐसा होना स्वाभाविक है। रचिन ने स्वीकार किया कि पिता की क्रिकेट में रुचि होने के कारण वे इस खेल से जुड़े। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता क्लब क्रिकेट खेले, वे क्रिकेट देखना काफी पसंद करते थे। घर के आसपास इसका माहौल था, मैंने उन्हीं से क्रिकेट को पैशन बना लिया। हालांकि उन्हें कभी भी मुझे क्रिकेट खेलने का दबाव नहीं डाला लेकिन स्वाभाविक रूप से मैं इससे जुड़ गया।

सफलता मिलने पर पिता की प्रतिक्रिया के बारे में रचिन ने कहा, 'मेरे करीबी अन्य सभी लोगों की तरह वे भी बेहद खुश थे और गर्व महसूस कर रहे थे लेकिन वे इसे (अपने इमोशंस को) काफी हद तक सीने में ही रखते हैं। मेरी मां भी बहुत खुश थी। मेरे दोस्तों का ग्रुप ने हर मैच को देखा, वे ग्रुप चेट में इस बारे में बात भी करते थे। रचिन ने वर्ल्डकप के कुछ मैचों में नंबर तीन पर बैटिंग की, जिस पर सामान्यत- टीम के कप्तान केन विलियमसन करते थे। इस बारे में रचिन ने विलियमसन की प्रशंसा की और अच्छा लीडर बताया। रचिन ने कहा कि केन जो कहते हैं, वह करते हैं। चोटिल होने के कारण जब वे नहीं खेल रहे थे तब भी उनका रोल और लीडरशिप अहम थी।

रचिन ने बताया, 'इंग्लैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के एक दिन पहले, मुझे ट्रेनिंग के दौरान पता चला कि मैं इस मैच में खेल रहा हूं और मुझे नंबर तीन पर बैटिंग करनी है। अपने पहले वर्ल्डकप मैच में डेव (डेवोन कान्वे) के साथ बैटिंग करना अच्छा रहा। वे मेरे आदर्श हैं और मैं उनके काफी करीब हूं। डेव के साथ 200 से अधिक रनों की पार्टनरशिप करना अच्छा रहा।



## हज के लिए फार्म भरने की शुरूआत 10 दिसंबर से

फिरोजाबाद । हज 2024 की पालिसी का ऐलान हो गया है। इस्लामिक सेंटर ने इसे लेकर मुस्लिम लोगों के लिए जानकारी दी है। इस्लामिक सेन्टर के सचिव हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने कहा कि हज के लिए फार्म भरने की शुरूआत 10 दिसम्बर से हो सकती है। उन्होंने बताया कि हज पर जाने के लिए हज पॉलिसी की जानकारी जारी की है। हज आवेदन बिल्कुल फ्री होगा। इसके लिये ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। हज की यात्रा 30 से 45 दिन की होगी। हज की यात्रा के लिए 25 एयरपोर्ट होंगे। हज में बिना मेहरम के भी महिलाएं जा सकेंगीं। 45 साल से अधिक उम्र की महिला अब अकेले हज पर जाने को आवेदन कर सकती हैं। वर्ष 2016 से पहले हज पर जाने के लिए मेहरम का होना अनिवार्य था। इस बार चार महिलाओं का समूह एक साथ हज के लिए जा सकेगा।

## फर्जी ऑफर और डिस्काउंट से लोगों को बचाने सरकार ने डार्क पैटर्न पर लगाया बैन

नई दिल्ली । सरकार ने फर्जी ऑफर व जाली डिस्काउंट से लोगों को बचाने कड़े कदम उठाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए ई-कॉमर्स मंचों पर 'डार्क पैटर्न' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बताया जा रहा है कि कंपनियां या कारोबारी 'डार्क पैटर्न' के जरिए ग्राहकों को धोखा देने या उनके व्यवहार अथवा पसंद को प्रभावित करने की कोशिश करते है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 30 नवंबर को इस संबंध में 'डार्क पैटर्न रोकथाम एवं विनियमन दिशानिर्देश' के लिए गजट अधिसूचना जारी की। यह अधिसूचना भारत में वस्तुओं और सेवाओं की पेशकश करने वाले सभी मंचों और विज्ञापनदाताओं तथा विक्रेताओं पर भी लागू है। जारी किए गए नए दिशानिर्देशों के मुताबिक डार्क पैटर्न का सहारा लेना उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन होगा। इसे भ्रामक विज्ञापन या अनुचित व्यापार व्यवहार माना जाएगा। ऐसा करने पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि ई-कॉमर्स बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनकी खरीदारी के विकल्पों और व्यवहार में हेरफेर करके गुमराह करने के लिए मंचों द्वारा डार्क पैटर्न का तेजी से इस्तेमाल किया जा रहा है। सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि अधिसूचित दिशानिर्देश सभी हितधारकों- खरीदारों, विक्रेताओं, बाजारों और नियामकों के लिए स्पष्टता लाएंगे कि अनुचित व्यापार गतिविधियों के रूप में क्या स्वीकार्य नहीं है। इनका उल्लंघन करने वाला उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत उत्तरदायी होगा। ग्राहकों को लुभाने के लिए ई-कॉमर्स कंपनियां कई तरीके अपनाती हैं, जैसे कई बार ग्राहकों के शॉपिंग कार्ट में कोई प्रोडक्ट खुद-ब-खुद जुड़ जाता है। कई बार लोगों को ऑर्डर करने से पहले प्रोडक्ट से जुड़े अन्य फीस या खर्चों के बारे में नहीं बताया जाता। कई बार लोगों को ललचाने के लिए उनके वॉलेट में पैसे एड किए जाने का मैसेज भेजा जाता है। कई बार किसी खास प्रोडक्ट पर डिस्काउंट के लिए 'सिर्फ एक घंटे का समय बचा है' लिखा होता है। इस तरह के शोषण से बचाने के लिए यह कदम सरकान ने उठाया है।

## अतीक हत्याकांड के छह आरोपी अभी भी नहीं पकड़ाए, कई एजेंसियां कर रही काम

लखनऊ। कई इजेंसियों के काम करने के बावजूद भी अतीक हत्याकांड के छह आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर बने हुए हैं। गौरतलब है कि वकील उमेश पाल, गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की हत्याएं इस साल उत्तर प्रदेश के सबसे चर्चित अपराध मामलों में से एक रही हैं। फरवरी में प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या हुई थी, जबकि अप्रैल में उसी शहर में अतीक और अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कई एजेंसियों द्वारा मामलों की छानबीन करने के बावजूद छह मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से बाहर हैं। छह वांछित व्यक्तियों में शूटर साबिर, गुड्डू मुस्लिम, अरमान और तीन महिलाएं शाइस्ता परवीन, जैनब और आयशा नूरी शामिल हैं, सभी पर साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया है। जहां गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के सिर पर 5-5 लाख रुपये का नकद इनाम है, वहीं शाइस्ता परवीन पर भी 50,000 रुपये का इनाम है। जैनब (मारे गए अशरफ की पत्नी) और आयशा नूरी (अशरफ की बहन) के सिर पर कोई नकद इनाम नहीं है। गौश्रतलब है कि 24 फरवरी को बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह वकील उमेश पाल सुलेमसराय इलाके में उनके आवास के बाहर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, पुलिस ने कथित तौर पर गोलीबारी में शामिल असद (अतीक अहमद का बेटा), गुलाम (शूटर), उस्मान उर्फ विजय (शूटर) और अरबाज सहित चार मुख्य आरोपियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराने का दावा किया है, सनसनीखेज गोलीबारी के बाद से पुलिस को अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि तीन प्रमुख शूटर, जिनमें गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान शामिल हैं, कहां हैं। मामले की जांच में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार निशानेबाजों का मुख्य रूप से पता नहीं चल पाया है क्योंकि वे अब मोबाइल फोन का उपयोग नहीं कर रहे हैं जिससे उन्हें ट्रैक करने में मदद मिल सकती थी।

## परीक्षा केंद्र में मोबाइल मिलने पर होगी 10 साल की जेल

### – शिक्षा मंडल ने पेपर लीक से बचने बनाई रणनीति

भोपाल । पिछले साल की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक होने का सबसे बड़ा कारण मोबाइल था। इसलिए इस बार परीक्षा केंद्र में मोबाल पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद यदि किसी के पास मोबाइल पाया जाता है तो दस साल तक की सजा होगी। यह कहना है मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के सचिव केडी त्रिपाठी का। गौरतलब है कि साल 2022 की बोर्ड परीक्षा में मोबाइल फोन के माध्यम से पेपर लीक किए गए थे। इस कारण शिक्षा मंडल भोपाल को बदनामी का सामना करना पड़ा था। डूबती प्रतिष्ठा को उभारने के लिए इस बार मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने मोबाइल पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं और कहा है कि यदि मोबाइल मिलता है तो उसे दस साल तक की सजा का प्रावधान रहेगा। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित किसी भी स्टाफ को मोबाइल रखने की इजाजत नहीं होगी। इसके साथ ही उन्हें मंडल की परीक्षा कार्य से डिबार भी किया जाएगा। कैंद्र में सूचनाओं के अदान-प्रदान के लिए लैंड लाइन फोन लगाए जाएंगे, लेकिन मोबाइल के लिए केंद्र के बाहर एक लोहे की पेटी रखी जाएगी, जिसमें सभी फोन जमा कर रख दिए जाएंगे। ईमेल के जरिये मंडल की कंट्रोलिंग की जाएगी। इसके साथ ही आफलाइन प्रक्रिया भी बंद रहेगी और आनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। गौरतलब है कि इस साल बोर्ड परीक्षा में तकरीबन 17 लाख विद्यार्थी शामिल होने वाले हैं। इसके लिए मंडल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा हुआ है।

## कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की वजह से विधानसभा चुनाव के ये परिणाम आए : माकपा

पलक्कड़। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को जीत की ओर बढ़ता देख रविवार को कहा कि भाजपा को हराने के लिए अकेले चुनाव लड़ने के कांग्रेस के निर्णय के कारण ये परिणाम सामने आए हैं। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल माकपा ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस में 'अंदरूनी कलह', 'सत्ता की भूख' और उसके कुछ नेताओं के 'भाजपा के गुप्त एजेंट' के रूप में काम करने के कारण राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के नतीजे प्रभावित हुए। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने यहां नव केरल सदास कार्यक्रम में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब उन तीन राज्यों में भाजपा जैसे दुश्मन से सामना होना था, तो जितना संभव हो सकता था संयुक्त मोर्चा बनाना चाहिए था। विजयन ने कहा, ऐसा करने के बजाय, कांग्रेस ने सोचा कि वह पहले ही जीत चुकी है, वह एक बड़ी शक्ति है और उसे कोई नहीं हरा सकता। यही सोच उसे वर्तमान पतन की ओर ले गई। उन्होंने कहा कि उन राज्यों में चुनावों की घोषणा के बाद, सभी गणनाओं से संकेत मिला था कि लोग नहीं चाहते कि भाजपा वहां सत्ता में आए और भगवा पार्टी के लिए एक बड़ा झटका सुनिश्चित करना संभव था। विजयन ने कहा हालांकि कांग्रेस सभी धर्मनिरपेक्ष ताकतों को एकजुट करने के लिए तैयार नहीं थी और इस रुख के परिणामस्वरूप वर्तमान स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस के नेता कमलनाथ ने सांप्रदायिक कृत्यों का विरोध करने के बजाय उनका समर्थन करके मध्य प्रदेश में भाजपा की 'बी' टीम के रूप में काम किया।

# भारत में होने वाले एक्सीडेंट की घटना के लिए नितिन गडकरी ने खराब इंजीनियरिंग को बताया दोषी



**गांधीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को यहां कहा कि भारत में हर साल पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती है, जिनका एक कारण अक्सर दोषपूर्ण सड़क इंजीनियरिंग होती है। गडकरी ने इंजीनियरों से जीवन बचाने के लिए दुर्घटना संभावित सड़कों की इंजीनियरिंग के दोष दूर करने का आग्रह किया।

भारतीय सड़क कांग्रेस के 82वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गडकरी ने गुणवत्ता से समझौता किए बिना वैकल्पिक सामग्री और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके निर्माण लागत कम करने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'भारत में सालाना पांच लाख दुर्घटनाएं और डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है जबकि तीन लाख लोग घायल होते हैं। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को तीन प्रतिशत का नुकसान होता है। बलि के बकरे की तरह, हर दुर्घटना के लिए वाहन चालक को दोषी ठहरा दिया जाता है। मैं आपको बता दूं कि अक्सर दुर्घटनाएं सड़क की गलत इंजीनियरिंग की वजह से होती हैं।'

उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उनकी ठीक से इंजीनियरिंग की जाए। गडकरी ने कहा, ÷मैं भी एक दुर्घटना का शिकार हो गया था और मेरी चार हड्डियां टूट गई थीं। कई लोग मर रहे हैं। दुर्घटना में होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष की आयु के लोगों की होती हैं और उनमें से कई इंजीनियर और डॉक्टर हो सकते हैं। क्या यह देश के लिए अच्छा है ? क्या आप इंजीनियर के तौर पर स्वत÷ संज्ञान लेते हुए दुर्घटना के कारणों को दूर कर सकते हैं? मैं आपसे दोषपूर्ण इंजीनियरिंग के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए काम करने का अनुरोध करता हूं।

## पीएम मोदी पर कटाक्ष करना पड़ा महंगा : स्मृति ईरानी

नई दिल्ली । हिंदी बेल्ट के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा जीतती दिख रही है। इसीलिये भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह है। वह लगातार जश्न मना रहे हैं। हालांकि कांग्रेस तेलंगाना में सरकार बनाने की स्थिति में है। उत्साहित भाजपा नेता मीडिया में बयान दे रहे हैं। इन सबके बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने फिर गांधी परिवार पर निशाना साधा है। स्मृति ईरानी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर जनता ने जो भरोसा दिखाया है। भाजपा के कार्यकर्ता होने के नाते हम जनता के प्रति कृतज्ञता का भाव रखते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ने जिस प्रकार की अभद्र टिप्पणियां प्रधानमंत्री मोदी पर कीं जिस प्रकार का कटाक्ष विपक्ष के नेताओं ने पीएम मोदी पर किया वो कटाक्ष गांधी परिवार को महंगा पड़ा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह जीत खास है। देश को प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास है। इन चुनावों में यह उभरा है कि लोग डबल इंजन की सरकार चाहते हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की गारंटियां फेल हो गईं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार पर वापस मुहर लगी है। विपक्ष ने जितना कीचड़ उछाला, उतना ही मोदी जी निखर कर आए और उतना ही कमल खिला है। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत के 4 राज्यों की जनता ने फिर एक बार अपना आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। ये सामान्य विजय नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा की ऐतिहासिक बढ़त हुई है। प्रधानमंत्री मोदी हैं तो मुमकिन है। देश का हर युवा, महिला, हर गरीब आज इस बात से सहमत हो चुका है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि मध्य प्रदेश में शानदार जीत के लिए मैं राज्य की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं। ये पीएम मोदी की लोकप्रियता की जीत है।

# करीब चार दशक से गैस त्रासदी के दुष्परिणाम भुगत रहा भोपाल

### –39वीं बरसी पर संबंधित संगठनों ने मशाल जुलूस निकालकर प्रभावितों के समर्थन में किया नारेबाजी



**भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश की राजधानी स्थित अमरीकी कंपनी यूनियन कार्बाइड कारखाने से 2 और 3 दिसंबर 1984 की दरम्यानी रात्रि विषैली मिथाइल आइसो सायनाइड गैस के दुष्परिणाम करीब चार दशक में भी थमता नजर नहीं आ रहा। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की कमी पर फैक्ट्री संचालकों और प्रशासन की निष्क्रियता के चलते भोपाल रेलवे स्टेशन से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर घनी आबादी के बीच यूनियन कार्बाइड संयंत्र से करीब 35 टन मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव से छह लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए।

भोपाल के एक प्रबुद्ध नागरिक ने बताया कि विश्व इतिहास की सबसे भीषण औद्योगिक आपदाओं में शामिल इस त्रासदी से करीब दो वर्ष पहले भी वहां छोटे पैमाने पर रिसाव की घटना घट चुकी थी जिसमें एक कर्मचारी को जान गंवानी पड़ी थी।

मृतकों का सरकारी आंकड़ा भले ही करीब 3800 है लेकिन विभिन्न अनुमानों के मुताबिक तकरीबन 15000 लोगों की जान लेने वाले इस आपराधिक घटनाक्रम के 39 साल बाद भी हजारों की तादाद में गैस पीड़ित सांस की बीमारियों तथा अल्सर एवं विकलांगता से जूझ रहे हैं। बहुत बड़ी तादाद में जहरीला कचरा आज भी आसपास के इलाके के रहवासियों के लिए जोखिम बना हुआ है।

विश्व की भीषणतम गैस त्रासदी में शुमार भोपाल गैस त्रासदी की 39वीं बरसी में शनिवार को भोपाल शहर में गैस पीड़ितों के बीच काम करने वाले संगठनों ने यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री तक मशाल जुलूस निकालकर इससे प्रभावित लोगों की बुनियादी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

इस दौरान भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा, 'यूनियन कार्बाइड और डॉव केमिकल्स ने गैस पीड़ितों के बच्चों में जन्मजात विकृतियों और उनके स्वास्थ्य को पहुंचे नुकसान के लिए अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया है। कंपनी ने कारखाने से पांच किलोमीटर दूर तक मिट्टी और भूजल प्रदूषण के लिए भी कोई हर्जाना नहीं चुकाया है।'

भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन ऐंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, 'सर्वोच्च न्यायालय का सन 1991 को आदेश साफ कहता है कि केंद्र सरकार को गैस पीड़ितों के मुआवजे की कमी का भुगतान करना चाहिए। जब सरकार यूनियन कार्बाइड की हर्जाना राशि को अपर्याप्त बता चुकी है तो उसे गैस पीड़ितों को उनके हक का हर्जाना देना चाहिए।'

'भोपाल गैस कांड के आपराधिक मामले में इस वर्ष अक्टूबर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि तब हासिल हुई जब गत तीन अक्टूबर को 18 वर्षों में पहली बार द डॉव केमिकल कंपनी ने एक भगोड़े को शरण देने के आरोप में भोपाल जिला अदालत की ओर से जारी समन का जवाब दिया। यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन को 1992 में गैर इरादतन हत्या तथा अन्य आरोपों में भगोड़ा घोषित किया गया था। सन 2001 में डॉव केमिकल ने इस कंपनी का अधिग्रहण कर लिया था।' बीते 27 सालों से गैस पीड़ितों को निशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करा रहे भोपाल के संभावना ट्रस्ट क्लीनिक में पंजीयन का काम करने वाले नितेश दुबे के अनुसार आज भी करीब डेढ़ लाख लोग गैस जनित पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

## अरविंद केजरीवाल का दावा: लोकसभा चुनाव में पंजाब की सभी सीटें जीतेंगे



**गुरदासपुर (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दावा है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटें जीतेगी। इसकी वजह बताते हुए केजरीवाल ने कहा है पंजाब में जिस तरह से विकास कार्य हो रहे है उससे राज्य में खुशहाली आई है। पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी के कार्यों से काफी खुश है। इसलिए यहां की सभी लोकसभा सीटों पर जनता का अशीर्वाद आप को मिलेगा। केजरीवाल गुरदासपुर में आयोजित विकास क्रान्ति रैली में बोल रहे थे।

सरहदी जिलों गुरदासपुर और पठानकोट के विकास को बढ़ावा देने के लिए 1854 करोड़ के प्रोजेक्टों का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लोगों का इतनी बड़ी संख्या में यहां एकत्रित होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस धरती को गुरू साहिबान की बख़शीश है और यहाँ के लोग स्वभाव पक्ष से बहादुर और मेहनती हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि चाहे इस इलाके से चुने हुए नेता हमेशा अहम पदों पर रहे परन्तु उन्होंने कभी भी इस क्षेत्र और इसके लोगों के विकास की परवाह नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों की भलाई के उद्देश्य वाले प्रोजेक्टों को राज्य सरकार की तरफ से सबसे अधिक प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले समय में प्रोजैक्ट सिर्फ़ कागज़ों तक सीमित रहते थे और उनका आम लोगों की भलाई के साथ कोई सरोकार नहीं था।

सीएम मान ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रशासनिक कामकाज मे आर्टीफिशल इंटेलिजेंस के प्रयोग की शुरुआत की है, जिससे सिर्फ़ सड़कों के तख़मीनों (मरम्मता आ आंकलन) में से ही सरकार ने 163.26 करोड़ रुपए की बचत की है और 546 किलोमीटर ऐसी सड़कों का पता चला है, जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी के पैसे की यह लूट रुकी है और अब करदाताओं का पैसा निगलनें वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों के कारण लोग हमेशा हमारी पार्टी की हिमायत करते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोगों के प्यार के कारण ही पार्टी को अपने अस्तित्व के केवल 11 सालों में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नौजवानों के लिए नौकरियों के मौके, मानक शिक्षा और लोगों के लिए अच्छी सेहत सहूलतें, औद्योगिक और अन्य क्षेत्रों के लिए अधिक से अधिक निवेश जुटा कर 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए पूरी शिद्दत के साथ कोशिशें कर रही है।

## विभाजन के कारण कई जिंदगियां गंवाई : बीरेन सिंह

### –मुख्यधारा में शामिल यूएनएलएफ के स्वागत में आयोजित समारोह

**इम्फल (एजेंसी)।** मणिपुर में शांति पहल संबंधी त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर के चार दिन बाद शनिवार को उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) कैडरों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए राज्य सरकार ने स्वागत समारोह आयोजित किया। इंफाल के कांगला में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने इसे प्रेरक बताते हुए अन्य उग्रवादी संगठनों से भी शांति प्रक्रिया में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में शामिल होने के इच्छुक किसी भी संगठन के लिए सरकार सुविधा प्रदाता के रूप में काम करने को तैयार हैं। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन और सलाह के तहत यूएनएलएफ के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर प्रक्रिया में लगभग तीन साल लग गए। सिंह ने उचित सत्यापन के बिना सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाने के खिलाफ भी अपील करते हुए कहा कि इससे समाज में शांति भंग हो सकती है। मुख्यमंत्री ने लोगों से माफ करने और भूल जाने के अपने पहले के आह्वान को दोहराते हुए कहा कि हम लंबे समय से विभाजित होकर रह रहे हैं और विभाजन के कारण हमने कई कीमती जिंदगियां खो दी हैं, आइए, हम बलिदान देना सीखें।

## अयोध्या में श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार

### –रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले शुरु होंगी उड़ानें



**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में बन रहा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट लगभग बनकर तैयार है। इसके प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इस एयरपोर्ट के टर्मिनल का डिजाइन राम मंदिर जैसा है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले इसकी सेवाएं शुरु कर दी जाएगी। कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हवाई अड्डे का निरीक्षण किया।

कल सीएम योगी व केंद्रीय मंत्रियों ने हवाई अड्डे के निर्माण से जुड़े प्रस्तुतिकरण को देखा और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि अयोध्या में बन रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। अयोध्या में पहले मात्र 178 एकड़ में छोटी सी हवाई पट्टी थी जिसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में तैयार किया गया है। 821 एकड़ भूमि राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराने के बाद भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा नये हवाई अड्डे का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप नये भारत की नयी अयोध्या बन रही है। अयोध्या के विकास कार्यां एवं समीक्षा के लिए वह समय-समय पर अयोध्या आते रहते हैं। देश और दुनिया के साथ अयोध्या की कैसी कनेक्टिविटी होनी है इसके लिए वह केंद्रीय नागर विमानन मंत्री व केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री के साथ अयोध्या हवाई अड्डे का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के निर्देशन में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अयोध्या हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रही है। साथ ही श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर के लोकार्पण के पूर्व अयोध्या को वायु सेवा से जोड़ने के जिस लक्ष्य को लेकर वह चले हैं।

# चक्रवाती तूफान मिगजॉम में बदला, इसके 5 दिसंबर को आंध्र प्रदेश से टकराने की आशंका



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव क्षेत्र रविवार को चक्रवाती तूफान मिगजॉम में बदल गया है। इसके 5 दिसंबर तक दक्षिण आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 80-90 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बुलेटिन में यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस च्रक्रवात के कारण दक्षिणी ओडिशा के अधिकतर हिस्सों में एवं राज्य के तटीय क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है।

चक्रवात मिगजॉम नाम म्यांमा ने सुझाया है और इसका अर्थ ताकत या लचीलापन है। मौसम एजेंसी ने कहा कि दबाव क्षेत्र के कारण बनी प्रणाली पिछले 6 घंटों में 5 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ी और एक चक्रवाती तूफान में बदल गई। जो सुबह साढ़े 5 बजे पुडुचेरी से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व, चेन्नई से 310 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, नेल्लोर से 440 किलोमीटर दक्षिणपूर्व, बापटला से 550 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपूर्व और मछलीपट्टनम से 550 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में केंद्रित थी।

इसके उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए और तेज होने और 4 दिसंबर की दोपहर तक दक्षिणी आंध्र प्रदेश और उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया है कि इसके बाद यह उत्तर की ओर दक्षिणी आंध्र प्रदेश तट के लगभग समानांतर एवं करीब बढ़ेगा तथा पांच दिसंबर को पूर्वाह्न में 80-90 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से एक चक्रवाती तूफान के रूप में नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश तट से टकराएगा।

इसके प्रभाव से ओडिशा में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी तथा 4 से 6 दिसंबर के दौरान दक्षिण तटीय और आसपास के दक्षिण आंतरिक ओडिशा में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। 5 दिसंबर को उसी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने का अनुमान है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र भुवनेश्वर के एक अधिकारी ने कहा कि इसके प्रभाव से ओडिशा में 3 दिसंबर को बारिश फिर से शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि रविवार को तटीय ओडिशा, नबरंगपुर, कालाहांडी और कंधमाल जिलों में एक या दो स्थानों पर या मलकानगिरी, कोरापुट, रायगडा, गजपति और गंजाम में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। राज्य में 4 दिसंबर को मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और गंजाम में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना के मद्देनजर आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने बताया कि इसी तरह से मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति, गंजाम एवं पुरी में कई स्थानों पर मध्यम बारिश और गरज के साथ वर्षा का अनुमान है। कंधमाल, नबरंगपुर, कालाहांडी, नयागढ़, खुर्दा, जगतसिंहपुर और कटक में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है।

आईएमडी ने 5 दिसंबर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उसने पूर्वानुमान जताया कि मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गजपति और गंजाम के 5 जिलों में एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। राज्य सरकार ने सभी तटीय और दक्षिणी जिलाधिकारियों को अलर्ट पर रखा है। कृषि विभाग के तहत कार्यरत कर्मचारियों की छुट्टिया रद्द कर दी हैं। ईसीओआर ने बारिश और हवा की संभावना को देखते हुए अपने अधिकार क्षेत्र में 54 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे अगली सूचना दिए जाने तक समुद्र में न जाएं क्योंकि समुद्र में स्थिति बेहद खराब रहेगी।



# डीपफेक वीडियो पर रश्मिका ने कहा-ये नॉर्मल नहीं है, चुप मत रहिए

**रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपना डीपफेक वीडियो वायरल होने पर रिएक्शन दिया है। रश्मिका हैदराबाद में हुए अपकमिंग फिल्म एनिमल के प्रमोशनल इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने डीपफेक पर बात करते हुए लड़कियों को इसके लिए सचेत किया है। उनका मानना है कि इस तरह के मामले होना आम बात नहीं है और हर किसी को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।**

रश्मिका मंदाना फिल्म एनिमल को-स्टार्स रणबीर कपूर, बॉबी देओल और अनिल कपूर समेत पूरी टीम के साथ हैदराबाद में फिल्म प्रमोट करने पहुंची थीं। हैदराबाद में हुए इवेंट के दौरान रश्मिका से उनके डीपफेक वीडियो पर सवाल किए गए थे। इस पर उन्होंने कहा, साउथ इंडस्ट्री से लेकर नॉर्थ इंडस्ट्री तक कई लोग मेरे सपोर्ट में सामने आए। इससे मुझे एहसास हुआ कि इसे (डीपफेक वीडियो वायरल होने को) सामान्य रूप से लेने की जरुरत नहीं है। लोगों के सपोर्ट से मुझे बहुत सुरक्षित और सिक्योर महसूस हो रहा है। तो मैं हर एक लड़की से ये कहना चाहती हूं कि ये नॉर्मल नहीं है। जब कुछ आपको बहुत इफेक्ट करता है तो आपको चुप रहने की जरुरत नहीं है। जब आप अपने लिए खड़े होते हैं तो लोग भी आपको सपोर्ट करते हैं। जहां हम रहते हैं वो एक बेहतरीन देश है।

रश्मिका से पूछा गया कि सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को उन्होंने कैसे हैंडल किया तो एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे बहुत सपोर्ट मिला है। मेरा मानना है कि किसी भी एक्टर, क्रिकेटर या पब्लिक पर्सनालिटी पर निर्भर करता है कि वो ट्रोलिंग और मीम कौ कैसे हैंडल करता है।

आज एक महिला और एक एक्ट्रेस के तौर पर मैं अपने परिवार, दोस्तों और शुभचिंतकों की आभारी हूं, जो मेरे लिए प्रोटेक्शन और सपोर्ट सिस्टम हैं। अगर मेरे साथ ऐसा तब होता जब मैं स्कूल या कॉलेज में थी, तो मैं सचमुच सोच भी नहीं सकती कि मैं इस सिचुएशन से खुद को कैसे बाहर निकाल पाती। हमें एक समाज के रूप में तत्काल अपनी पहचान के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, इससे पहले कि और भी लोग इसके शिकार हो जाएं।

आलिया, काजोल, कटरीना भी हुई डीपफेक का शिकार

रश्मिका मंदाना के बाद काजोल डीपफेक टेक्नोलॉजी की शिकार बन गईं। काजोल का कपड़े बदलते हुए एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद कटरीना कैफ की फिल्म टाइगर 3 से एक फोटो सामने आई थी, जिससे छेड़छाड़ की गई थी। हाल ही में सोमवार को आलिया भट्ट का भी एक फेक बोल्ड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।



# फातिमा ने साझा किया सैम बहादुर में काम करने का अनुभव

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म सैम बहादुर में फातिमा सना शेख भी नजर आएंगी। अभिनेत्री फिल्म में दिवंगत पीएम इंदिरा गांधी का रोल अदा करती दिखेंगी। हाल ही में उन्होंने मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में काम करने का अनुभव साझा किया। बता दें कि सैम बहादुर फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जीवन पर आधारित है। फातिमा सना शेख का कहना है कि उनकी कहानी लोगों को बताई जानी चाहिए। अभिनेत्री को उम्मीद है कि युद्ध नायक पर आधारित यह फिल्म नई पीढ़ी को प्रेरणा देगी।

बता दें कि फिल्म में विक्की कौशल फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में इंदिरा गांधी का रोल अदा कर रहीं फातिमा सना शेख का कहना है कि इस फिल्म में काम करना उनके लिए बेहद सीखने वाला अनुभव रहा है। फातिमा ने कहा, फिल्म सैम बहादुर तमाम दर्शकों तक पहुंचेगी और लोगों को प्रेरित करेगी। एक पूरी पीढ़ी सैम मानेकशॉ के बारे में नहीं जानती है। मैं भी नहीं जानती थी। फिल्मों के जरिए आप वास्तविक जीवन के नायकों की खोज करते हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा, कभी-कभी आपको यह यकीन दिलाने में किसी और की जरूरत होती है कि ये वो कहानी है, जिसे लोगों को बताना जरूरी है और ऐसा करना साहसिक काम है। फातिमा का कहना है कि यह एक बेहद अहम किरदार है, यह एक जिम्मेदारी है जिसे आप ले रहे हैं और एक बड़ा जोखिम है। हम सभी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म में अपने इंदिरा गांधी के किरदार को लेकर फातिमा ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं हो पा रहा था कि इस प्रतिष्ठित किरदार को वे निभा पाएंगी। अभिनेत्री ने कहा, इस किरदार को निभाते हुए मैं लकी फील कर रही हूं। लेकिन, ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुद पर यह यकीन कर पाने में काफी समय लगा कि मैं इसे निभा सकती हूं। मेघना गुलजार मुझे लेकर सुनिश्चित थीं, लेकिन मैं नहीं हो पा रही थी। बता दें कि सैम बहादुर एक दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला रणबीर कपूर की एनिमल से होगा। एनिमल का निर्देशन कबीर सिंह फेम संदीप रेड्डी वांगा ने किया है।

# हां, मैंने छुपाई थी अपनी शादी और दो बच्चियों की मां होने की बात, लेकिन...

**कम लोगों को ही पता है कि अभिनेत्री पाखी हेगड़े ने फिल्मों में जब अपने करियर की शुरुआत की तो वह पहले से ही शादीशुदा थीं और दो बेटियों की मां भी थीं। यह बात पाखी ने काफी समय तक छुपाकर रखी और नए नाम और नई पहचान से एक्टिंग प्रोफेशन में कदम रखा। पाखी हेगड़े कहती हैं कि उनका बचपन बहुत ही अभाव में गुजरा, वह नहीं चाहती थी कि उनकी बेटियों का भविष्य आगे चलकर खराब हो। उनकी जिंदगी में एक ऐसा मोड़ आया जब उन्हें लगने लगा अपनी बेटियों साथ अपनी जिंदगी खत्म लेंगी। लेकिन उन्होंने हिम्म्मत नहीं हारी, पाखी हेगड़े की कहानी किसी प्रेरणा से कम नहीं है।**

## 19 साल में हो गई शादी

ग्रेजुएशन करने के बाद मैं अपने करियर के बारे में सोच ही रही थी कि 19 साल की उम्र में मेरी शादी हो गई। मेरा बचपन बहुत ही अभाव में ही गुजारा। मेरी पढ़ने की बहुत ही चाहत रही। मेरा पापा मधुकर शेट्टी की मृत्यु तब हो गई थी, जब मैं चौथी कक्षा में थी। पापा के गुजरने के बाद मेरी मां सीता शेट्टी हमेशा मेरी शादी को लेकर चिंचित रहती थी। जितनी जल्दी शादी हुई, उतने ही जल्दी बच्चे भी हो गए। एक समय पर मुझे लगा कि आगे चलकर मेरे बच्चों को समस्या हो सकती है।पति के शराब पीने की आदतों से पारिवारिक जिंदगी डिस्टर्ब होने लगी। मैं भी बहुत ज्यादा डिस्टर्ब हो रही थी। फिर मैंने सोचा कि बच्चों के साथ अपनी जिंदगी अकेले गुजारनी चाहिए।

## मेरी स्टूडेंट ने दिया एक्टिंग का सुझाव

वसई में पापा का एक छोटा सा होटल था। तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटी मैं ही हूं। पापा की मृत्यु हुई तो एक भाई पांचवी और एक भाई छठवीं में था। दोनों को पढाई छुड़ाकर होटल पर बैठा दिया गया ताकि घर खर्च चल सके। बचपन में जब पिता का साया सिर से उठ जाए तो काफी मुश्किलें आती हैं। मां ने किसी तरह से हमारी परवरिश की। खैर, जब मैंने पति से अलग रहने का फैसला किया, तो सोच लिया था कि मुझे घर वापस नहीं जाना है। सोचा कि घर वापस जाऊंगी तो भाइयों की जिंदगी को डिस्टर्ब करूंगी। घर वालों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। बेटी और बहन होने के नाते मुझे भी अपना फर्ज निभाना था। मैने सोचा जो कुछ भी करना है, अपने पैरो पर खड़े होकर करना है। सवाल यह था कि क्या किया जाए। मैं बच्चों को पढ़ाती भी थी। मेरी एक स्टूडेंट एक्टिंग करती थी, उसी ने मुझे सुझाव दिया कि एक्टिंग करनी चाहिए।

## जिंदगी खत्म करने का भी सोचा

मैं तो जिंदगी के ऐसे मोड़ पर खड़ी थी कि कुछ भी काम मिल जाए करना ही है। लेकिन एक्टिंग प्रोफेशन के बारे के बारे में जानती नहीं थी। मेरे लिए यह जद्दोजहद रही कि एक महीने के अंदर अपने लिए कुछ कर लूं। या तो मुझे कुछ आशा की किरण दिखाई दे, या फिर अपनी बेटियों साथ मैंने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर लिया था। लेकिन मन में यह विश्वास जरूर था कि कुछ अच्छा होने वाला है। क्योंकि दुख के बाद सुख तो आता ही है। जब दुख की पराकाष्ठा होती है तो समझ लो कि अब सुख आने वाला है।

## दोनों बेटियां मशहूर ब्लॉगर

मुझे अपने जीवन में जो कुछ भी करना था, अपनी बेटियों के लिए करना था। मुझसे किसी कहा कि अगर आप इंडस्ट्री में यह बताकर काम करोगी कि बच्चे हैं तो लोग उसका गलत फायदा उठाएंगे, जो कि किसी भी इंडस्ट्री में होता है। जब मुझे लगा कि ऐसा हो सकता है तो नए नाम और नई पहचान से काम पर ध्यान देना शुरू किया। मैंने कभी इस बात का जिक्र नहीं किया कि परिवार में कौन है? बच्चों को बोर्डिंग में रखा। बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शनिवार को बच्चों से सिर्फ 10 मिनट लिए बात हो पाती थी। मां होने के नाते मुझे यह बहुत फील होता है कि उनको समय नहीं दे पा रही हूं। लेकिन मैं जो भी कर रही थी, उनकी भलाई के लिए कर रही थी। ताकि उनको एक अच्छा भविष्य दे पाऊं। आज मुझे अपनी बेटियों पर बहुत नाज है।



# शाहरुख के साथ काम करना चाहते हैं संदीप रेड्डी

डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल कल रिलीज होने को तैयार है। ट्रेलर रिलीज से ही यह फिल्म सुर्खियों में बनी हुई है। एनिमल की टीम भी पूरे देश में जमकर प्रमोशंस करती नजर आ रही है। एक इंटरव्यू के दौरान संदीप रेड्डी ने खुद को शाहरुख खान का बहुत बड़ा फैन बताया। उनसे पूछा गया कि वे किंग खान के साथ किस तरह की फिल्म बनाना चाहते हैं? इस पर डायरेक्टर ने जवाब दिया- मैं नहीं जानता कि मैं किस तरह की फिल्म बनाऊंगा, लेकिन मैं शाहरुख खान के साथ एक फिल्म जरूर बनाना चाहता हूं। संदीप रेड्डी ने शाहरुख के साथ हुई मुलाकात के बारे में भी बात की। हा था- मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं।

इतना ही नहीं डायरेक्टर ने कॉमेडी फिल्म बनाने की भी ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, मेरे पास एक कॉमेडी स्क्रिप्ट है, लेकिन मुझे नहीं पता कि मैं इसे कब शुरू करूंगा। हालांकि यह एक पारिवारिक कॉमेडी नहीं है। मैं आपको सटीक टॉपिक तो नहीं बता सकता, लेकिन कुछ सोचा जरूर है। प्रोड्यूसर भूषण कुमार का मानना है कि संदीप रेड्डी को कॉमेडी फिल्म बनाते हुए देखना बहुत अच्छा एक्सपीरियंस होगा। भूषण कुमार ने कहा, संदीप की डायरेक्शन में कॉमेडी का एक बहुत ही अलग रूप देखने को मिलेगा। एनिमल में भी हर सीन एक नया सीन है। संदीप को कॉमेडी फिल्म बनाते हुए देखना कमाल का एक्सपीरियंस होगा।



# शाहिद कपूर ने द बुल से खींचे हाथ तब सलमान खान को मिली फिल्म

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने हाल ही में करण जौहर और विष्णुवर्धन के साथ अपनी आने वाली फिल्म के टाइटल की घोषणा की है। सुपरस्टार की आगामी फिल्म का नाम द बुल है। कथित तौर पर यह एक अर्धसैनिक अधिकारी की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिसने 1988 में मालदीव में एक साहसी बचाव अभियान का नेतृत्व किया था। दिलचस्प बात यह है कि अक्तूबर 2021 में, रिपोर्ट आई थीं कि शाहिद कपूर को भी इसी शीर्षक और कथानक वाली एक फिल्म में कास्ट किया गया था। आदित्य निंबालकर द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म ब्रिगेडियर बुलसर के जीवन पर आधारित थी। हालांकि, शाहिद कुछ मुख्य कारणों से परियोजना से बाहर हो गए।

बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से द बुल फिल्म काफी चर्चा में है। इसी नाम से अक्तूबर, 2021 में एक फिल्म की घोषणा की गई थी, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में थे। हालांकि, फिल्म को काफी देरी का सामना करना पड़ा और शाहिद को इसके शूटिंग शेड्यूल के बारे में पता नहीं था। इसी कारण अभिनेता ने परियोजना से अपने हाथ खींच लिए। एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने प्रोजेक्ट की स्थिति के बारे में बताया था।

## अभिनेता ने दिया था बयान

शाहिद कपूर ने द बुल को लेकर चुप्पी तोड़ते हुए कहा था, द बुल पर काम नहीं हो रहा है क्योंकि हम इसे शुरू करने में भी सक्षम नहीं थे। यह कोविड के कारण एक मुश्किल परियोजना थी। ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनका पता लगाने की जरूरत है क्योंकि फिल्म एक निश्चित पैमाने की गारंटी देती है। इसलिए, हमें बैठकर देखना होगा कि क्या द बुल बनाना संभव है या नहीं।




# रोहित रॉय ने किया खुलासा, अमिताभ बच्चन की वजह से बना अभिनेता

रोहित रॉय टेलीविजन इंडस्ट्री के सबसे सफल अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता लोकप्रिय शो सौभाग्यवती भव-2 के साथ टेलीविजन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। करणवीर बोहरा के शो में रोहित डीसीपी अविनाश के किरदार में आएंगे नजर। इस बीच अब रोहित रॉय ने एक मीडिया बातचीत में अपने शुरुआती करियर के बारे में बात की। अभिनेता ने खुलासा किया कि वे अमिताभ बच्चन की वजह से अभिनेता बने हैं। एक मीडिया बातचीत के दौरान रोहित रॉय ने बताया कि वे अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े फैन हैं। उन्हें देखकर ही अभिनेता ने अभिनय के करियर में कदम रखा। रोहित रॉय ने कहा, मैं अमिताभ बच्चन का बहुत बड़ा फैन हूं। उनकी फिल्म आज भी मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जिस तरह से अमिताभ बच्चन खुद को बड़े पर्दे पर पेश करते हैं, उनका यह अंदाज मुझे बेहद पसंद है। उनकी वजह से ही मैं एक अभिनेता हूं। रोहित रॉय ने आगे बताया कि उनकी इच्छा जंजीर फिल्म में अमिताभ बच्चन का किरदार निभाने की थी। अभिनेता ने कहा, मेरी शुरू से ही इच्छा जंजीर फिल्म में अमिताभ बच्चन का किरदार निभाने की थी। अभिषेक बच्चन को लेकर अभिनेता ने कहा, मुझे इस बात से थोड़ी जलन होती है कि मेरे दोस्त अभिषेक बच्चन का व्यवहार भी अमिताभ बच्चन जैसा ही है। अभिनेता ने अपने डीसीपी अविनाश के किरदार को लेकर कहा, मैंने पहले भी एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है, लेकिन सौभाग्यवती भव-2 का हिस्सा बनना, जो कि पहले से ही लोकप्रिय शो है इस किरदार ने मुझे छोटे पर्दे पर वापसी के लिए प्रेरित किया गया है।



# जनहित की नीतियों व सुशासन ने मप्र में दिलायी जीत: पंकज सिंह

## विदिशा प्रभारी पंकज सिंह की मेहनत से पांचों सीटो पर भाजपा जीती



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह की मेहनत मध्य प्रदेश में रंग लाई। उन्की कुशल रणनीति के कारण विदिशा जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया। वे वहां के प्रभारी बनाये जाने के बाद वहां पर डेरा डाल कर बैठ गये तथा भाजपा की जीत दिलाने में सघन मेहनत की। जिन पांचो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की उससे विदिशा से प्रत्याशी मुकेश टंडन, बासौदा से प्रत्याशी हरिसिंह रघुवंशी, कुरवाई से प्रत्याशी हरिसिंह सप्रे, सिरोंज से प्रत्याशी उमाकांत शर्मा, शमसाबाद से प्रत्याशी सूर्य प्रकाश मीणा शामिल है।

पंकज सिंह ने कहा कि मप्र में लाडली बहना योजना लांच कर 1.31 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता दी गई। यह योजना भाजपा के लिए मास्टर स्ट्रोक साबित हुई। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसानों के लिए गेहूं और धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने, युवाओं को रोजगार देने का वादा किया। इसके अलावा केंद्र सरकार के मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास से लेकर पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज कराने की योजनाओं के लाभार्थियों को भी भाजपा ने अपने साथ जोड़ा। इन सभी योजनाओं के बल पर पार्टी को जीत मिली है। विदिशा की जीत भी इसी का परिणाम है।

# किसानों ने प्रदर्शन कर एक समान नीति की उठाई मांग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के किसानों ने दस प्रतिशत भूखंड एवं एक समान नीति लागू करने को लेकर पंचायत का आयोजन किया। किसान एकता संघ की के अध्यक्ष चौ. बाली सिंह की अध्यक्षता में एक पंचायत रविवार को नोएडा के गिझोड़ गांव के शिव मंदिर में संपन्न हुई। पंचायत का आयोजन टीकम चौहान व गिझोड़ के ग्रामीणों द्वारा किया गया। इसकी अध्यक्षता लिखीराम शर्मा और संचालन पंडित प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया। यह पंचायत 1976 से 1997 तक के किसानों के साथ नोएडा प्राधिकरण द्वारा किए गए अन्यायों व 1976 के किसानों को दस प्रतिशत भूखंड एवं एक समान नीति से सभी को 297 प्रतिगज की दर से मुआवजा वितरण किये जाने को की गई।

गिझोड़ गांव के शिव मंदिर में संपन्न इस पंचायत में साथ के साथ किसानों के साथ बेरोजगार हुए गांव के विभिन्न जातियों के लोगों के लिए भी 50 मीटर प्लॉट की व्यवस्था पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी राजेंद्र चौहान द्वारा सभी विषयों पर पंचायत को अवगत कराया गया। पंचायत में गांव गिझोड़ के पूर्व सुरेश प्रधान पंचायत में पहुंचे। सभी लोगों ने इस होने वाले आगामी आंदोलन का स्वागत किया। तन मन धन से आंदोलन में भाग लेने का संकल्प लिया।

पंचायत में नोएडा के मुख्य रूप से अर्जुन प्रजापति, कमल यादव रामकुमार नेताजी महेंद्र कुमार, सुनील कुमार, चौहान प्रेम सिंह दीपक शर्मा, चरण सिंह, कृष्ण कुमार सचिन अंबावता, रोहतास सिंह, परम सिंह, जीत सिंह, भगवान लाल, रहस्यउद्दीन, जयकरण सिंह, राजवीर सिंह, अंकित चौहान, अमित चौहान, जितेंद्र चौहान आदि सैकड़ों की संख्या में किसानों ने भाग लिया।

# पिता और भाई के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए छोड़ दी नौकरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** एक कहावत है कि जो व्यक्ति अपने लक्ष्य को निर्धारित करते हुए मेहनत करता है, ईश्वर भी उस व्यक्ति की मदद करने को मजबूर हो जाता है। कुछ ऐसा ही नोएडा के इस लाल के साथ हुआ है। पिता और भाई के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए नोएडा के एक लाल ने मन में ठानी और अपनी नौकरी को छोड़ दिया। नौकरी छोड़ने के बाद वकालत की पढ़ाई। वकील बना तो अपने दिवंगत पिता और भाई की हत्या का मुकदमा लड़ा। आज इस युवक ने अपने पिता और भाई के हत्यारों को कानूनन सजा दिला ही दी। नोएडा के इस युवक की चारों ओर खूब चर्चा हो रही है।



अपने पिता और भाई के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए नोएडा के इस युवक को दस वर्ष का इंतजार तो करना पड़ा, लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब हो गया। हत्यारों को आजीवन सजा दिलाकर इस युवक ने अपने दिवंगत पिता और भाई को श्रद्धांजलि दी है।

आपको बात दें कि नोएडा के रायपुर गांव के रहने वाले आकाश चौहान के पिता पाले राम एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। यमुना नदी से अवैध रेत खनन के खिलाफ होने वाले आंदोलनों का स्व. पालेराम हमेशा नेतृत्व करते थे। पुलिस और जिला प्रशासन में कई शिकायतें दर्ज कीं, लेकिन कुछ नहीं हो सका। उन्होंने 2012 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो खनन माफिया आक्रामक हो गए।

31 जुलाई 2013 को जब आकाश अपने कंपनी कार्यालय में थे और उनके पिता घर के आंगन में लेटे हुए थे, तब एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने उनके पिता को सिर, सीने और हाथ में छह गोलियां मारी थी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई थी। पिता की हत्या के बाद भी धमकियों का सिलसिला नहीं थमा।

पिता की हत्या हुए अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था और आकाश इस सदमे से उबर भी नहीं पाया था कि 21 जून 2014 को आकाश के छोटे भाई का शव दिल्ली के नरेला इलाके में रेलवे ट्रैक के पास मिला। आकाश का आरोप है कि पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच नहीं की और मामले को बंद कर दिया। आरोप है कि उसके भाई को भी रेत माफिया ने मार डाला।

आकाश चौहान के पिता की हत्या और उसके छोटे भाई का रेलवे ट्रैक से शव मिलने पर वह बुरी तरह टूट गया था। पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। पिता और भाई की हत्या मामले में उन पर फैसला करने का दबाव भी बनाया गया। यही नहीं आकाश के खिलाफ झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

आपको यह भी बता दें कि पाले राम की हत्या एसडीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निलंबन के कुछ दिनों के भीतर हुई थी। आकाश तब एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। वह अपने पिता के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा चाहता था, इसलिए उनके पूर्व शासकीय अधिवक्ता केके सिंह ने आकाश को कानून की पढ़ाई करने की सलाह दी।

## नौकरी छोड़ बन गए वकील

पिता और भाई के हत्यारों को सजा दिलाने का जो प्रण आकाश ने लिया था, उसे पूरा करने के लिए आकाश ने अपनी प्राइवेट नौकरी छोड दी और ग्रेटर नोएडा के एक कॉलेज से विधि में स्नातक की डिग्री हासिल की और वकील बन गए। जिसके बाद उन्होंने जनपदीय न्यायालय में अधिवक्ता केके सिंह के साथ मुकदमा लड़ा। जिसके परिणामस्वरूप हत्यारोपित राजपाल और उनके एक बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, जबकि दो अन्य को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। आकाश का कहना है कि माफिया से उनकी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं थी, लेकिन अब हम खुश हैं कि उनमें से दो को दोषी ठहराया गया है।

# विश्व दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों ने की नमो भारत ट्रेन में यात्रा





**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** विश्व दिव्यांगजन दिवस पर, दिव्यांगजनों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की और खुशी के पल आपस में बांटे। इन लोगों ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दुहाई डिपो आरआरटीएस स्टेशन तक का एक राउंड ट्रिप लगाया। एनसीआरटीसी ने उनके लिए एक जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें आरआरटीएस की विशेषताओं और उन प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई जो आरआरटीएस को एक सर्व-समावेशी और सभी के लिए सुलभ परिवहन का साधन बनाते हैं।

इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस परियोजना के लिए एनसीआरटीसी को प्रदान किए गए एडीबी ऋण के संयोजन में जापान फंड ऑफ प्रॉसपरस एंड रिज़िलिएंट एशिया एंड द पेसिफिक (जेएफपीआर) पहल के तत्वावधान में किया गया।लोगों को भारत की पहली रीजनल रेल के बारे में जागरूक करने और यह परियोजना किस तरह सभी प्रकार के लोगो को सुविधावप्रदान करेगी, इसकी जानकारी देने के लिए एनसीआरटीसी समय-समय पर इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

दिव्यांगजनों के इस समूह में सभी उम्र के लोग शामिल थे, जिनमें से अधिकांश बच्चे थे। उन्होंने इस पूरे यात्रा अनुभव का भरपूर आनंद लिया और आरआरटीएस की सार्वभौमिक पहुंच की बहुत सराहना की। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान, उत्साहित बच्चों ने अपने यात्रा के अनुभव भी साझा किए। नमो भारत ट्रेन की सवारी उनके लिए विशेष रूप से आनंददायक थी और वे इसकी गति और आरामदायक यात्रा से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने सर्व-समावेशी, सार्वभौमिक रूप से सुलभ, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए एनसीआरटीसी की प्रशंसा की।

# प्राइमरी स्कूल के पास लगा है कूड़े का ढेर



**नोएडा ( चेतना मंच )।** यूपी के नोएडा शहर के सेक्टर-138 में स्थित एक प्राइमरी स्कूल के बच्चे इन दिनों गंदगी भरे माहौल में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। स्कूल के पास स्थित खेतों में पड़े कचरे से उठ रही दुर्गंध के कारण संक्रामक बीमारी फैलने का भय भी छात्र छात्राओं को सता रहा है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 138 स्थित एक प्राथमिक विद्यालय के नजदीक स्थित एक मैदान को कुछ कबाड़ियों ने कचरा घर बना दिया है। यहां स्थित गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अपने खेतों को कबाड़ियों को दे रखा है। जिस कारण कबाड़ी दिनभर कचरा एकत्रित करके प्राइमरी स्कूल के पास वाले खेतों में डाल देते हैं। जिस कारण स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामन करना पड़ रहा है। हाल यह है कि कचरे और गंदगी के कारण स्कूल में छात्र छात्राओं को बैठना भी दुश्वार हो गया है।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि प्राइमरी स्कूल के पास स्थित कुछ सोसायटियों से निकलने वाला सारा कचरा कबाड़ी यहां लाकर डाल देते हैं। स्कूल में हर समय बदबू का माहौल बना रहता है जिससे प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। इस बारे में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# बाइक पर सवार हो कर एनसीआर में लूटते थे मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मांच )।** थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दो शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूट में प्रयुक्त बाइक लूटे गए तीन मोबाइल फोन व चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिसकर्मी गस्त पर थे इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एनसीआर क्षेत्र में रहा चलते लोगों से मोबाइल छीनने वाले दो लुटेरे बाइक पर सवार होकर 12-22 टी पॉइंट की तरफ आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने सेक्टर 11 स्थित नेहरू युवा केंद्र के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भाग निकले। संध्या के आधार पर पुलिस ने पीछा शुरू किया। पुलिस को पीछे आता देखकर बदमाश हड़बड़ा गए और उनकी बाइक फिसल कर गिर गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक चाकू तीन मोबाइल फोन बरामद हुई पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम राहुल सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी घडोली डेरी फार्म मयूर विहार फेस-3 दिल्ली तथा अजय कुमार सिंह पुत्र रामविचार सिंह निवासी चौतपुर कॉलोनी नोएडा बताया पकड़े गए दोनों बदमाशों ने बताया कि वह एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल फोन लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# युवती का अपहरण

**नोएडा।** थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के शाहपुर गांव से एक युवती संदिग्ध स्थिति में लापता हो गई। युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। गांव शाहपुर में किराए पर रहने वाले राजेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके 19 वर्षीय बहन बीते 11 नवंबर को घर से किसी काम के लिए बाहर गई थी इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी देर शाम तक वापस न लौटने पर उसने तथा परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है पुलिस लापता युवती की तलाश कर रही है।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बढ़ाया लड़कियों का आत्मविश्वास,छात्राएं बनी महिला थाना प्रभारी



**गाजियाबाद( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अब पूरी तरह महिला सुरक्षा देने की ठानी है । बेटी अब पूरी तरह से सशक्त और आत्मनिर्भर होज इस लक्ष्य को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बेटी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक अनूठे जागृति अभियान की पहल की गई, इस पहल के तहत स्कूली छात्रा को महिला थाना प्रभारी की कमान सौंपी गई । जहां बेटीयों ने अपने अंदाज में महिलाओं की जनसुनवाई की और उनके निदान के निर्देश भी दिएज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला थाना पुलिसकर्मियों द्वारा सरकारी योजना और कानून व्यवस्था के तहत बेटियों को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए निर्देश दिए थे। और इस निर्देश के तहत महिला थानों में गाजियाबाद के लोहिया नगर में महिला थाना की परिसर में ये सुंदर पहल की गई।

गाजियाबाद महिला थाना परिसर में गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा 9 और 10 की छात्राओं को महिला सुरक्षा कानून के प्रति आत्मविश्वासी बनाने और जागरूक करने के लिए आमंत्रित किया और सबसे दिलचस्प बात यह थी कि छात्राओं को सिर्फ जानकारी ही नहीं दी गई बल्कि उनमें से एक छात्रा को ही महिला थाने की प्रभारी का दायित्व कुछ समय के लिए दिया गया और कहा गया वह अपने अंदाज में महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी और उनका निदान करेंगी। छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ दिये गए दायित्व को संभाला और महिलाओं की समस्याएं सुनी और आवश्यक निर्देश भी दिये।

बेटियों ने भी कहा की तमाम छोटे-छोटे अपराधों ऐसे होते हैं जिन्हें हम समझ सकते हैं और हमारी भागीदारी पुलिस में होनी ही चाहिए। स्कूल जाने से लेकर, घर के आस पड़ोस तक, रिश्तेदार से लेकर अपराधी तत्वों तक बेटियां महत्वपूर्ण सुझाव दे सकती हैं और निदान के लिए कुछ ऐसा कर सकती हैं जो कानून व्यवस्था में प्रभावी बनाया जा सके । और बेटियों ने सचमुच बहुत ही संवेदनशीलता के साथ महिलाओं की समस्याएं सुनकर यह साबित किया कि हमें बेटियों की बुनियाद आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत है।

गाजियाबाद महिला थाना परिसर में छात्राओं को परामर्श केंद्र के बारे में भी बताया गया । बताया गया कि समस्या के समय है कैसे विभाग, महिलाओं को परामर्श देकर उन्हे न्याय दिलाने और उनकी सुनवाई पर कार्य करता है. इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सुरक्षा संबंधी मदद के लिए यह नंबर भी दिए गएज 181, 112, 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर-1076 तथा महिला हेल्प लाइन नंबर-1090 नंबर की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आवश्यकता होने पर कोई भी पीड़िता संबंधित नंबरों पर संपर्क कर पुलिस की मदद प्राप्त कर सकती है।

